संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

13 अगस्त 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 318

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### झारखंड में 14 अगस्त को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**रांची ।** झारखंड के छह जिलों में 14 अगस्त को बहुत भारी बारिश होने की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गुमला और लोहरदगा शामिल हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, 16 अगस्त तक राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

# नीट पेपर लीक की चार्जशीट भी लीक

## सीबीआई ने दाखिल की 20 हजार पेज की चार्जशीट, 13 लोगों को बनाया आरोपी

### • गवाहों के नाम मीडिया में आने पर कोर्ट बोला- ट्रायल में भेदभाव नहीं होना चाहिए




**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच और सुनवाई के बीच अब सीबीआई की चार्जशीट के मीडिया में लीक होने का मामला सामने आया है। राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट ने चार्जशीट में शामिल गवाहों के नाम मीडिया रिपोर्टों में सामने आने पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि मुकदमे की प्रक्रिया कानून के मुताबिक होनी चाहिए और किसी भी पक्ष के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। मामले की सुनवाई कर रहे स्पेशल जज अजय गुप्ता ने चार्जशीट की जानकारी अदालत में औपचारिक रूप से सामने आने से पहले ही मीडिया में पहुंचने पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि जिन बातों पर अभी अदालत में चर्चा तक नहीं हुई है, वे भी चार्जशीट का हिस्सा हैं। ऐसे में उनका बाहर आना गंभीर विषय है और इस संबंध में कुछ किए जाने की जरूरत है।

**गवाहों के नाम सामने आने पर कोर्ट गंभीर**

सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि मीडिया रिपोर्टों में चार्जशीट में शामिल गवाहों के नाम सामने आए हैं। इनमें कुछ गवाह नाबालिग भी बताए गए हैं। इस पर कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि ट्रायल की प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए। जज अजय गुप्ता ने कहा कि खुले कोर्ट में सुनवाई के दौरान मीडिया की भी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी है कि आपराधिक कानून के तहत जिस तरह ट्रायल होना चाहिए, उसी तरह आगे बढ़े। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। यदि ऐसी रिपोर्टिंग हो रही है, तो संबंधित लोगों को इस तरह की चीजें करने से बचना चाहिए।

**आरोपियों के वकील ने भी उठाया सवाल**

सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से पेश वकील ने भी चार्जशीट के मीडिया में पहुंचने पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि अदालत में चार्जशीट दाखिल होने से पहले ही इसकी कॉपी मीडिया तक पहुंच गई थी। बचाव पक्ष ने आशंका जताई कि इससे आरोपियों के मामले पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह संबंधित मीडिया रिपोर्ट की जांच करेगा। इसके बाद यह देखा जाएगा कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई की जरूरत है।

**करीब 20 हजार पेज की चार्जशीट, 13 आरोपी**

सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में करीब 20 हजार पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इसमें कुल 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट में पेपर लीक की प्रक्रिया और कथित तौर पर इसमें शामिल लोगों की भूमिका का विवरण दिया गया है। सीबीआई के मुताबिक, तीन विषय विशेषज्ञों ने अलग-अलग तरीकों से दिल्ली स्थित नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के कार्यालय से नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र से जुड़े सवाल हासिल किए और उन्हें लीक किया। जांच एजेंसी ने दावा किया है कि आरोपियों को इस प्रक्रिया में इसलिए सफलता मिली क्योंकि एनटीए के कॉन्फिडेंशियल सेक्शन से बाहर निकलते समय उनकी तलाशी नहीं ली गई थी।

# खुदरा महंगाई लगातार सातवें महीने बढ़ी

## जुलाई में महंगाई ने आम आदमी का पूरा बजट बिगाड़ दिया

### • शहरों की तुलना में गांवों में खाने का सामान ज्यादा महंगा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** जुलाई के महीने में महंगाई ने एक बार फिर जनता की जेब पर दबाव बढ़ा दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की खुदरा महंगाई दर जून के 4.38 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई में 4.45 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार दूसरा महीना है जब महंगाई दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इस बढ़ोतरी के पीछे सबसे बड़ी वजह खाने-पीने के सामान की आसमान छूती कीमतें हैं। जब भी खाने के सामान के दाम बढ़ते हैं, तो इसका सीधा असर हर घर की रसोई और हर महीने के बजट पर पड़ता है। यह नया आंकड़ा इस साल लागू हुई नई सीपीआई सीरीज (आधार वर्ष और बदले हुए खपत बास्केट) के बाद का सबसे उच्चतम स्तर भी है।

रसोई का बजट बिगाडने वाली चीजें अगर हम सिर्फ खाने-पीने की चीजों की बात करें, तो कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स जून के 5.32 प्रतिशत से उछलकर जुलाई में 5.52 प्रतिशत हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि शहरों (5.05 प्रतिशत) के मुकाबले गांवों (5.79 प्रतिशत) में खाने-पीने की चीजें ज्यादा महंगी हुई हैं। इस बार आपकी थाली से प्याज, लहसुन और अदरक की दूरी बढने वाली है। आंकड़ों पर नजर डालें तो जुलाई में प्याज की महंगाई दर 4.73 प्रतिशत से सीधे 22.54प्रतिशत तक पहुंच गई है। लहसुन की महंगाई 17.93 प्रतिशत से बढ़कर 35.36 प्रतिशत हो गई है, जबकि अदरक की कीमतों ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 50.41 प्रतिशत से छलांग लगाकर 83.62 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी दर्ज की है। हालांकि, कुछ सब्जियों ने थोड़ी राहत भी दी है। आलू की कीमतों में पिछले साल के मुकाबले 16.56 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावा भिंडी, मटर और टमाटर के दाम भी घटे हैं, जिससे सब्जी मंडी जाने पर ग्राहकों को थोड़ा सुकून मिल सकता है।

महंगाई की यह मार सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आपके रहन-सहन के कई दूसरे खर्चों पर भी इसका असर दिख रहा है। सफर करना भी अब थोड़ा महंगा हो गया है क्योंकि ट्रांसपोर्ट महंगाई दर 4.31 प्रतिशत से बढ़कर 4.43 प्रतिशत हो गई है। माल ढुलाई सेवाओं में यह आंकड़ा 7.77 प्रतिशत दर्ज किया गया है। दूसरी तरफ, आवास (हाउसिंग) महंगाई दर 2.22 प्रतिशत रही। अगर आप बाहर खाना खाने के शौकीन हैं या कपड़े खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो बता दें कि रेस्तरां व आवास सेवाओं में 7.72

## संक्षिप्त खबरें

### बहुत जल्द फिर शुरू होगा आंदोलन : दिपके

**नई दिल्ली ।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने बुधवार को 'जंतर-मंतर सीजन-2' शुरू करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पिछले आंदोलन के बाद बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया पर पूछ रहे थे कि इसका अगला चरण कब शुरू होगा। दिपके ने स्पष्ट किया कि नया आंदोलन बहुत जल्द शुरू किया जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय हुई है जब दिल्ली के नरैना इलाके में कॉकरोच जनता पार्टी के स्वयंसेवकों की बैठक के लिए तय कार्यक्रम अंतिम समय में रद्द हो गया। दिपके ने आरोप लगाया कि जिस बैंक्वेट हॉल में बैठक होनी थी, उसके मालिक ने दबाव के कारण बुकिंग रद्द कर दी।

### टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने आज 12 अगस्त को इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा 18 अगस्त को होने वाली टाटा संस की एजीएम से ठीक पहले आया है। हालांकि, वे फरवरी 2027 तक पद पर बने रहेंगे। चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल को लेकर टाटा ट्रस्ट्स के साथ सहमति नहीं बन पाई थी। नए कारोबारों में भारी निवेश, उनके प्रदर्शन और टाटा संस के भविष्य को लेकर मतभेद इस फैसले की बड़ी वजह बने। एन चंद्रशेखरन के इस्तीफे की खबर के बाद टाटा ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में गिरावट है। टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कंज्यूमर के शेयर 3त्न तक नीचे हैं।

### 'केरल' का नाम होगा 'केरलम', विधेयक पारित

**नई दिल्ली ।** संसद ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण विधेयक पारित करते हुए केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया, जबकि लोकसभा ने इसे मंगलवार को ही मंजूरी दे दी थी। केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 का उद्देश्य संविधान की पहली अनुसूची में दर्ज राज्य के नाम को संशोधित कर केरल से केरलम करना है।

## प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की आत्मकथा का किया विमोचन

# दूसरों के संघर्ष से सीख ले युवा : मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरे लोगों के जीवन के संघर्षों से सीख लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि रील और सोशल मीडिया के दौर में शॉर्टकट की प्रवृत्ति बढ़ रही है। युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट छोटा कर देता है। आत्मकथाओं के जरिए किसी व्यक्ति के जीवन के साथ उस दौर के इतिहास को भी करीब से समझा जा सकता है।

उन्होंने यह विचार पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिक- माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। मोदी ने कहा कि कोविंद की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और देश के लिए योगदान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। यह आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र और भारतीय समाज के लिए धरोहर बनेगी। पुस्तक का शीर्षक यह संदेश देता है कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के जीवन के संघर्ष व्यक्तिगत थे, लेकिन उनसे मिली सफलता भारत के गणतंत्र और लोकतंत्र की जीत है।

मोदी ने उनके साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति को करीब से जानने और राष्ट्रपति के रूप में उनका मार्गदर्शन पाने का अवसर मिला। उन्होंने कोविंद के स्नेह और आत्मीयता को अपनी बड़ी पूंजी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविंद ने सामान्य परिवार से निकलकर अपनी मेहनत और क्षमता के बल पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने का सफर तय किया।

उन्होंने कहा कि कानपुर देहात में एक सामान्य परिवार में जन्मे कोविंद के घर में एक बार आग लग गई थी। इस हादसे में उनकी मां की मृत्यु हो गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतनी कम उम्र में मां को खोना बेहद दर्दनाक था, लेकिन कोविंद इन परिस्थितियों से टूटे नहीं बल्कि और मजबूत होकर आगे बढ़े। पड़ोस की एक महिला ने उनके पालन-पोषण में मदद की, जबकि उनके पिता ने परिवार को संभाला और बच्चों को संस्कार दिए। कोविंद अपने पिता को अपना हीरो मानते हैं।

# झारखंड मामले पर चुप नहीं हूं हिंसा कहीं भी हो उचित नहीं : राहुल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें गृह मंत्री का बयान या 'लेक्चर' सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उनकी प्राथमिकता छात्रों और देश की युवा पीढ़ी से जुड़े सवालों का जवाब हासिल करना है। जहां तक झारखंड का मामला है तो हिंसा कहीं भी हो उचित नहीं है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विपक्ष का रुख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जानना चाहता है कि दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया, लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया और कथित तौर पर एक छात्र की आंख की रोशनी जाने की घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। राहुल गांधी ने गृह मंत्रालय की भूमिका पर सवाल उठाते हुए अमित शाह से सीधे पूछा कि क्या उन्होंने छात्रों पर गोली चलाने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा आदेश गृह मंत्री ने दिया था तो उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित शाह पिछले 20 दिनों से सदन में नजर नहीं आए हैं और गृह मंत्री संसद में आकर इन सवालों का सामना नहीं कर रहे हैं। राहुल गांधी ने छात्रों पर कथित तौर पर कील लगी लाठियों से हमला किए जाने का भी उल्लेख किया और पूछा कि इस तरह की कार्रवाई का आदेश किसने दिया था। रांची में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को लेकर खुद पर लगाए जा रहे चुप्पी के आरोपों को राहुल गांधी ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वह झारखंड के मामले पर चुप नहीं हैं। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में वह स्पष्ट कर चुके हैं कि छात्रों के खिलाफ हिंसा कहीं भी हो, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।

## संसद में हंगामें के कारण 7,023 मिनट बर्बाद, 175 करोड़ रुपये का नुकसान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** संसद का 2026 का मानसून सत्र लगातार हंगामे और गतिरोध के कारण कामकाज के लिहाज से बेहद प्रभावित रहा। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में कुल 7,023 मिनट का समय बर्बाद हुआ। लोकसभा में संसद के कामकाज की प्रति मिनट लागत करीब ढाई लाख रुपये आंकी जाती है। इस हिसाब से कामकाज बाधित होने से लगभग 175 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

हंगामे के बावजूद सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा में कुल 20 विधेयक पारित कराए। हालांकि इनमें से किसी पर भी सामान्य तरीके से विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी। कई विधेयक शोरगुल और विपक्ष के बहिष्कार के बीच पारित किए गए। इससे संसद में विधायी प्रक्रिया और बहस की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे हैं।

संसद में हंगामे के कारण कामकाज प्रभावित होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई सत्र राजनीतिक गतिरोध की भेंट चढ़ चुके हैं। 2010 का शीतकालीन सत्र दो-जी विवाद को लेकर प्रभावित रहा था। 2012 के मानसून सत्र में राष्ट्रमंडल खेलों और लोकपाल के मुद्दे पर गतिरोध रहा। 2015 के मानसून सत्र में व्यापम घोटाले और ललित मोदी प्रकरण को लेकर हंगामा हुआ था। 2016 के शीतकालीन सत्र में नोटबंदी के मुद्दे पर करीब 92 घंटे का कामकाज प्रभावित हुआ। 2018 के मानसून सत्र में राफेल सौदे और अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हंगामा हुआ और केवल 15 प्रतिशत कामकाज हो पाया था। 2023 के मानसून सत्र में मणिपुर हिंसा का मुद्दा प्रमुख रहा था।2026 के मानसून सत्र के आंकड़े एक बार फिर यह सवाल खड़ा करते हैं कि राजनीतिक मतभेदों के बीच संसद में बहस और सुचारू कामकाज कैसे सुनिश्चित किया जाए।

# जज यशवंत वर्मा पर लगे आरोपों को जांच समिति ने सही माना

## जांच में कैश और सबूतों में मिलीं खामियां



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े जले हुए नोटों के मामले में जांच समिति की रिपोर्ट बुधवार को संसद के दोनों सदनों में पेश कर दी गई। तीन सदस्यीय जांच समिति ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ लगाए गए तीनों आरोपों को सिद्ध माना है। रिपोर्ट में आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने, उससे जुड़े भौतिक साक्ष्यों के संरक्षण में लापरवाही और जांच के दौरान दिए गए स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाए जाने की बात कही गई है। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपने के कई महीने बाद इसे संसद के पटल पर रखा। लोकसभा और राज्यसभा में संबंधित महासचिवों ने रिपोर्ट पेश की। दो खंडों में तैयार रिपोर्ट में जांच के दौरान दर्ज किए गए मौखिक बयानों और जुटाए गए दस्तावेजी साक्ष्यों को शामिल किया गया है।

**रिपोर्ट में क्या कहा गया?**

जांच समिति ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ लगाए गए तीनों आरोप को साबित माना है। पहले आरोप में समिति ने कहा कि आधिकारिक आवास के स्टोररूम में मिली बड़ी मात्रा में नकदी की मौजूदगी, उसके स्रोत और स्वामित्व को लेकर जस्टिस वर्मा संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसलिए यह आरोप सिद्ध पाया गया। दूसरे आरोप में समिति ने पाया कि मामले से जुड़े भौतिक साक्ष्यों का उचित संरक्षण नहीं किया गया। कानूनी सीलिंग और निरीक्षण से पहले स्टोररूम की स्थिति बदली गई और कुछ करेंसी नोटों के गायब होने का भी स्पष्ट जवाब नहीं मिला। हालांकि, रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया कि नोटों को स्वयं जस्टिस वर्मा ने हटाया था। तीसरे आरोप में समिति ने 22 मार्च 2025 सहित जस्टिस वर्मा की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण को असंतोषजनक और टालमटोल वाला बताया। स्वतंत्र गवाहों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इस आरोप को भी सिद्ध माना गया।

# छात्रों की मांगें एक सप्ताह में माने नहीं तो करेंगे अनशन : रघुवर



**संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार को जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-अभ्यर्थियों से मिलने जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने आंदोलनकारी छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों और अब तक चले आंदोलन की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार को दो टूक चेतावनी देते हुए छात्रों की मांगों पर एक सप्ताह में सकारात्मक निर्णय लेने का समय दिया।

मौके पर रघुवर दास ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर सरकार छात्रों की जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो वह स्वयं आंदोलन में उतरेंगे। उन्होंने घोषणा की कि एक सप्ताह बाद बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर अनशन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए।

लंबे समय से आंदोलन कर रहे छात्रों की मांगों को गंभीरता से लेकर सरकार को उचित समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मामलों में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनकी समस्याओं का समाधान करे। विधानसभा मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार पर निशाना साधा।

# कोचिंग संचालक की तलाश में सीआइडी ने की पलामू में छापेमारी

**संवाददाता**

**पलामू ।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षाओं में कथित धांधली के तार पलामू से भी जुड़े हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को 09 दिनों के भीतर दूसरी बार सीआईडी ने पलामू में दबिश दी। टीम शिक्षक संतोष कुमार सिंह और कोचिंग संचालक रविशंकर कुमार की तलाश में उनके घरों पर पहुंची थी।

सीआईडी टीम दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए वारंट के साथ पहुंची थी। हालांकि, परीक्षाओं में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद से ही संतोष कुमार सिंह और रविशंकर कुमार फरार चल रहे हैं। रविशंकर रांची में एक कोचिंग सेंटर चलाता है। सीआईडी की टीम शहर थाना पुलिस के साथ संतोष कुमार सिंह के हमीदगंज स्थित बीएन कॉलेज के पास वाले घर पर पहुंची। वहीं, जीएलए कॉलेज के पास रविशंकर के आवास पर भी दबिश दी गई। टीम ने दोनों के परिवार वालों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

# सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आंदोलन पर चर्चा को तैयार : अमित शाह



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा कि सरकार संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आंदोलन के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से चर्चा कर इस विषय पर पर्याप्त समय आवंटित करने का अनुरोध किया है। अमित शाह ने पत्र में कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में सरकार की ओर से संसद में नीट परीक्षा को लेकर छात्र आंदोलन के मुद्दे पर चर्चा के लिए सहमति दी है।

### झारखंड छात्र आंदोलन : भाजपा सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन




**रांची ।** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी समेत अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ जारी छात्र आंदोलन की गूंज अब दिल्ली तक पहुंच गई है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने संसद भवन परिसर के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर झारखंड में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज का विरोध किया और उनके समर्थन में आवाज उठाई। प्रदर्शन में सांसद निशिकांत दुबे, विद्युत वरण महतो, बीडी राम, डॉ. प्रदीप वर्मा, चंद्रप्रकाश चौधरी, मनीष जायसवाल और कालीचरण सिंह समेत झारखंड के कई सांसद शामिल हुए। ओडिशा के सांसदों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लेकर झारखंड के छात्रों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। भाजपा सांसदों ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों की मांगों पर सरकार को संवाद के जरिए समाधान निकालना चाहिए और किसी भी तरह की दमनात्मक कार्रवाई से बचना चाहिए।

# लाइसेंसी पिस्तौल वाले वीडियो पर दुखनी सोरेन ने दी सफाई



**संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम ।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं सरायकेला विधायक चंपई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन का हथियार के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्होंने बुधवार को पूरे मामले पर अपनी सफाई दी है। दुखनी सोरेन ने कहा कि वायरल वीडियो को लेकर जिस तरह की चर्चाएं हो रही हैं, उसमें ऐसा कुछ भी नहीं है जिसमें उन्होंने कानून का उल्लंघन किया हो।

दुखनी सोरेन के अनुसार, वह किसी कार्यक्रम से लौटने के दौरान काफी थक गई थीं और जमशेदपुर परिसदन में कुछ देर विश्राम करने के लिए रुकी थीं। इस दौरान उन्होंने अपनी लाइसेंसी बंदूक, मोबाइल फोन और अन्य सामान सोफे पर रख दिया था और आराम कर रही थीं। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उनका वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो उन्हें भी उपलब्ध कराया गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि वीडियो में लोगों को केवल उनकी लाइसेंसी पिस्तौल दिखाई दे रही है, जबकि उनके साथ रखा मोबाइल फोन और अन्य सामान किसी को नजर नहीं आ रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित



**मेहरमा।** आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर बुधवार को मेहरमा प्रखंड कार्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में बैठक आयोजित कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अभिनव कुमार ने की। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड कार्यालय में सुबह 8 बजे, अंचल कचहरी में 8:15 बजे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में 8:25 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 8:35 बजे, प्रखंड पशुपालन कार्यालय में 8:50 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:05 बजे तथा मेहरमा थाना परिसर में 9:15 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसी क्रम में व्यापार मंडल अमजोरा-पिरोजपुर में 9:35 बजे, एसआरटी कॉलेज धमड़ी में 9:50 बजे तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बाजितपुर में सुबह 10:40 बजे झंडोत्तोलन होगा। बैठक में पुलिस निरीक्षक रूबी मिंज, मेहरमा थाना के पुअनि राजकिशोर शर्मा, विधायक प्रतिनिधि मो. परवेज अख्तर, निवर्तमान बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शशांक शेखर सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनिंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्राहक बनकर पहुंचे ठग,ज्वेलरी दुकान से एक लाख के जेवर लेकर फरार



**जामताड़ा।** शहर के सुमित्रा मार्केट स्थित सिद्धि ज्वेलर्स में बुधवार शाम दो युवकों ने ग्राहक बनकर दुकानदार को झांसा दिया और करीब एक लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना शाम करीब 5:15 बजे श्रीकृष्णम वस्त्रालय के समीप हुई। वारदात की जानकारी मिलते ही जामताड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।दुकानदार दीनदयाल अग्रवाल के अनुसार, दो युवक दुकान में पहुंचे और कान के टॉप्स तथा मंगलसूत्र के पेंडेंट दिखाने को कहा। आभूषण देखने के दौरान दोनों ने कथित तौर पर दो पेंडेंट चुपके से गायब कर दिए। इसके बाद उन्होंने दुकानदार को दो हजार रुपये दिए और महिला रिश्तेदार को साथ लाने की बात कहकर दुकान से निकल गए।दोनों के जाने के बाद आभूषणों का मिलान करने पर दुकानदार को दो पेंडेंट गायब मिले। उन्होंने बाहर निकलकर आरोपियों की तलाश की, लेकिन तब तक दोनों फरार हो चुके थे।सूचना पर थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो पुलिस बल के साथ पहुंचे।

## सरकारी दर से अधिक दर पर खाद बेचने लेकर कृषि पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**बरहरवा ।** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में डीएपी, यूरिया समेत अन्य उर्वरकों की निर्धारित सरकारी दर से अधिक कीमत पर बिक्री किए जाने के आरोप को लेकर नवझारखंड जनएकता संगठन ने बुधवार को जिले के कृषि पदाधिकारी से मुलाकात की. शिष्टमंडल ने पूर्व में दिए गए आवेदन के आलोक में स्मरण पत्र की प्रतिलिपि सौंपते हुए मामले की जांच कर दोषी उर्वरक विक्रेताओं पर कार्रवाई की मांग की. आवेदन की मूल प्रति बरहरवा बीडीओ को भेजी गई है. संगठन ने बताया कि 27 जुलाई 2026 को बरहरवा बीडीओ को आवेदन देकर किसानों से डीएपी, यूरिया सहित अन्य उर्वरकों के लिए निर्धारित सरकारी मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायत की गई थी. संगठन का दावा है कि शिकायत के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और किसानों को अब भी अधिक कीमत पर उर्वरक खरीदने की मजबूरी बनी हुई है. पत्र के माध्यम से बरहरवा प्रखंड के सभी उर्वरक विक्रेताओं की जांच कराने तथा सरकारी दर से अधिक कीमत वसूलने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई. मौके पर सरफराज अहमद, अब्दुल मालिक समेत अन्य मौजूद थे.

## कुएं में गिरने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेहरमा।** बलबड्डा थाना क्षेत्र के मधुरा गांव के लोहचिन्ता में मंगलवार देर रात कुएं में गिरने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मधुरा गांव निवासी विनोद राय (36), पिता स्व. विज्ञन राय के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विनोद राय शराब के नशे में था। शराब पीने के बाद वह घर के समीप स्थित कुएं के चबूतरे पर सो गया था। इसी दौरान अचानक वह कुएं में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बलबड्डा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर सअनि जगजीवन राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। बताया गया कि मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाइक बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलटा कंटेनर, मार्ग बाधित



**गोड्डा ।** जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र स्थित विरामचक के पास 133 पर एक सड़क दुर्घटना में एक कंटेनर पलट गया। यह हादसा बाइक को बचाने के प्रयास में हुआ, जिससे मुख्य मार्ग घंटों प्रभावित रहा। ग्रामीण रामविलास कुमार महतो के अनुसार, कंटेनर ललमटिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा था। इसी दौरान पीरपैंती की ओर से आ रही एक स्कार्पियो और बाइक सामने आ गए। बाइक को बचाने की कोशिश में कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क के बीचो-बीच पलट गया। कंटेनर के चालक अभय पटेल ने बताया कि बक्सर से वे वाहन में सीमेंट लादकर साहिबगंज जा रहे थे। विरामचक के पास अचानक एक बाइक सामने आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर पलट गया। इस हादसे में खलासी को हल्की चोटें आई हैं, जबकि किसी अन्य के हताहत होने की सूचना नहीं है। बलबड्डा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बाइक को बचाने के दौरान कंटेनर पलटा है। उन्होंने बताया कि ड्राइवर और खलासी को मामूली चोटें आई हैं और कोई गंभीर हताहत नहीं हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## महागामा से बाबाधाम के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था



**महागामा ।** सावन महीने में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और जलार्पण को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में महागामा क्षेत्र से कांवरियों का एक जत्था देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण करने के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व कांवरियों ने महागामा दुर्गा मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और माता के दरबार में माथा टेककर सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस दौरान कांवरियों ने भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए अपनी यात्रा शुरू की पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया। कांवरिया ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और इस पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पित करने से मन को विशेष आध्यात्मिक शांति मिलती है। कांवरियों ने बताया कि वे बाबा बैद्यनाथ के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे और बाबा को जल अर्पित कर क्षेत्र, परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। कांवरियों के रवाना होने के दौरान महागामा दुर्गा मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे गूंजते रहे।

# परसपानी होम्योपैथिक कॉलेज के पांच पदाधिकारियों का होगा अवधि विस्तार : इरफान

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, परसपानी की शैक्षणिक और चिकित्सकीय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में परसपानी होम्योपैथिक कॉलेज में कार्यरत पांच शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदाधिकारियों की सेवा अवधि बढ़ाई जाएगी। मंत्री ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कॉलेज प्रशासन ने विभाग को पत्र भेजकर संस्थान में कार्यरत पांच पदाधिकारियों की सेवा निरंतरता और अनुबंध अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया है। इन पदाधिकारियों का अनुबंध 29 अगस्त 2026 को



समाप्त होने वाला है। अनुबंध अवधि बढ़ाए जाने वाले पदाधिकारियों में डॉ. राजीव रंजन (प्रवाचक), डॉ. अभिषेक कुमार गोलू और डॉ. सुषमा हांसदा (होम्योपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी) तथा डॉ. मुकेश कुमार और डॉ. हेमलता हेम्ब्रम (अवासी चिकित्सा पदाधिकारी) शामिल हैं।

इरफान अंसारी ने कहा कि परसपानी होम्योपैथिक कॉलेज संताल परगना के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान है। विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुभवी मानव संसाधन की निरंतर उपलब्धता संस्थान के सुचारू संचालन और विद्यार्थियों के नियमित पठन-पाठन के लिए आवश्यक है।

मंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों और चिकित्सकीय पदाधिकारियों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ता है। इसलिए संस्थान में आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री ने कहा कि जल्द ही वह स्वयं परसपानी होम्योपैथिक कॉलेज का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान शिक्षण व्यवस्था, चिकित्सकीय सेवाओं, मानव संसाधन, आधारभूत सुविधाओं और विद्यार्थियों की समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली जाएगी। निरीक्षण के बाद संस्थान में मौजूद कमियों को चिह्नित कर उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## दियारा क्षेत्र में रातभर अश्लील नृत्य का आयोजन, नशीले पदार्थों की भी हुई बिक्री

संताल एक्सप्रेस

**उधवा।** झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे दियारा क्षेत्र में देर रात कथित रूप से अश्लील नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि कुछ आयोजकों द्वारा पश्चिम बंगाल और बिहार समेत अन्य राज्यों से नर्तकियों को बुलाकर रातभर कार्यक्रम कराया जाता है. इन आयोजनों में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ-साथ उम्रदराज लोग भी पहुंचते हैं. सूत्र बता रहे है कि इस मनोरंजन के नाम पर देर रात तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में तेज आवाज में डीजे और लाउडस्पीकर बजाए जाते हैं. इससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. खासकर स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य ग्रामीणों की नींद में भी खलल पड़ता है.कई वर्षों से अलग-अलग स्थानों पर आयोजन की चर्चा स्थानीय लोगों का कहना है कि दियारा क्षेत्र में इस तरह के नृत्य कार्यक्रमों का आयोजन पिछले कई वर्षों से अलग-अलग स्थानों पर किए जाते है. कुछ स्थानों पर शिकायत और कार्रवाई के बावजूद समय बीतने के बाद दोबारा ऐसे आयोजन शुरू हो जाते हैं. कार्रवाई नहीं होने पर आयोजकों के हौसले बुलंद है. सूत्रों के अनुसार पूर्व में थाना क्षेत्र के कुछ स्थानों पर नृत्य कार्यक्रमों की आड़ में कथित रूप से अवैध जुआ संचालित किए गए थे. हालांकि ऐसी खबरें सामने आने के बाद प्रशासन की ओर से कार्रवाई भी की गई थी.कुछ प्रभावशाली और दबंग प्रवृत्ति के लोगों के संरक्षण में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. इसी वजह से कई ग्रामीण खुलकर विरोध करने से बचते हैं.स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध करने या शिकायत करने वालों पर कथित रूप से दबाव बनाने और डराया धमकाया भी जाता है.प्राणपुर-पलाशगाछी क्षेत्र के चुआर में भी देर रात नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए गए थे. जहां कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास कथित रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री होने की बातें भी सामने आई हैं. देर रात तक अश्लील नृत्य कार्यक्रम और कथित नशीले पदार्थों का कारोबार क्षेत्र के सामाजिक वातावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है. इसका सबसे अधिक असर युवा पीढ़ी पर पड़ने लगा है. यदि समय रहते ऐसे आयोजनों पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है.

## आमसभा में सहिया के रूप में अफसाना खातून का चयन

**राजमहल ।** राजमहल शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 08 मोगलानी चक में वार्ड पार्षद जोली राय की अध्यक्षता में सहिया चयन हेतु आमसभा का आयोजन किया गया.सहिया चयन हेतु 05 आवेदिका द्वारा सहिया पद हेतु आवेदन दिया गया. आमसभा में आए सदस्यों द्वारा अफसाना खातून, पति शरीफ शेख जो कि सभी आवेदकों में सबसे अधिक पढ़ी लिखी थी.उनका सहिया पद हेतु सर्वसम्मति से चयन किया गया. बैठक में महिला आरोग्य समिति अध्यक्ष देवी गुप्ता, सचिव कल्पना पहाड़िया, कोषाध्यक्ष सकिरन बीवी एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोक स्वास्थ्य प्रबंधक सूरज कुमार, धीरन मंडल,बीटीटी किरण कुमारी, एएनएम अर्चना देवी,सहिया साथी तथा परवीन बेगम आंगनबाड़ी सेविका आदि उपस्थित थे.

## बसंतराय में नेहा कुमारी ने संभाला सीडीपीओ का पदभार



**बसंतराय।** बसंतराय प्रखंड में लंबे समय से रिक्त पड़े बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद पर नेहा कुमारी ने नई सीडीपीओ के रूप में योगदान देकर पदभार संभाल लिया है। उनके पदभार ग्रहण करने से बाल विकास परियोजना से जुड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है।बताया गया कि बसंतराय में सीडीपीओ का पद पिछले कई वर्षों से रिक्त था। इस कारण सीडीपीओ का अतिरिक्त प्रभार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मरांडी के पास था। वे प्रशासनिक दायित्वों के साथ बाल विकास परियोजना से जुड़े कार्यों का भी संचालन कर रहे थे।नई सीडीपीओ के योगदान के बाद अब प्रखंड को बाल विकास परियोजना के लिए पूर्णकालिक पदाधिकारी मिल गया है । पदभार ग्रहण के दौरान बीडीओ सह सीओ मरांडी ने नेहा कुमारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं, सीडीपीओ नेहा कुमारी ने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और बच्चों के पोषण सहित महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की नियमित निगरानी की जाएगी।

## वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा



**साहिबगंज ।** डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई.बैठक के दौरान जिला परिषद, प्रखंडवार पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के विरुद्ध किए जा रहे व्यय एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा राशि के व्यय की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया.

## श्री केंद्रीय विद्यालय में विधिक जागरूकता की गूंज




**जामताड़ा।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जागृति योजना 2025 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा की ओर से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जामताड़ा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार गुप्ता ने की, जबकि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।शिविर में पवन कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। कार्यक्रम में अधिकार मित्र अमित कुमार मिश्रा, विश्वजीत पाल, मौसमी मुर्मू, आनंद महतो, मेघा गुप्ता, मधु कुमारी, सुमन टुडू, शिवनाथ मंडल सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## वीबीजी राम जी अधिनियम को लेकर प्रशिक्षण आयोजित



**जामताड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने, आजीविका मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय स्थित डीपीआरसी सभागार में वीबीजी राम जी अधिनियम पर जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त आलोक कुमार के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त असीम किस्पोट्टा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एवं संबंधित बीडीओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में अधिनियम के उद्देश्य, प्रमुख प्रावधान, योजनाओं के चयन, क्रियान्वयन प्रक्रिया तथा विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों-कर्मियों की जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त असीम किस्पोट्टा ने कहा कि अधिनियम का लाभ जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ नियमित निगरानी का निर्देश दिया।कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार घोष, बीडीओ कमलेश कुमार दास, अविश्वर मुर्मू, परियोजना पदाधिकारी पूनम, मास्टर प्रशिक्षक, बीपीओ, एई, जेई, रोजगार सेवक समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## सशक्त युवा, सशक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम



**जामताड़ा।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पियलसोला में 'सशक्त युवा, सशक्त भारत' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागृति स्कीम-2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को कानूनी अधिकार, संविधान, मौलिक कर्तव्य, साइबर अपराध, एआई फ्रॉड और एंटी रैगिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीएलवी आरिफा खातून, अल्ताफ अंसारी और दीपिका मंडल के साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने कहा कि युवा देश की मजबूत नींव हैं। उन्हें अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों की जानकारी होना भी जरूरी है। छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए अनजान लिंक से दूरी बनाए रखने तथा ओटीपी, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। एआई के माध्यम से होने वाली डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति भी सतर्क किया गया।वहीं, रैगिंग और किसी भी तरह के दुर्व्यवहार का विरोध करने तथा आवश्यकता पड़ने पर इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया।

## फसल सुरक्षा प्रशिक्षण में किसानों को मिली आधुनिक तकनीकी जानकारी



**महागामा ।** प्रखंड क्षेत्र के सरभंगा गांव में किसानों को फसल सुरक्षा एवं बेहतर उत्पादन की तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में क्षेत्र के किसानों ने भाग लेकर फसल एवं बागवानी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान पौध संरक्षण कर्मी संजय झा एवं एग्री क्लिनिक सेंटर महागामा के प्रखंड समन्वयक कुंदन कुमार ने किसानों को फसल सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने कृषि एवं बागवानी पौधों के संरक्षण, उचित रखरखाव तथा फसलों को विभिन्न प्रकार के कीट एवं रोगों से बचाने के उपाय बताए। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को फसल की नियमित निगरानी करने और खेतों की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर



**नाला (जामताड़ा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष राधा कृष्ण एवं प्राधिकार के सचिव पवन कुमार के आदेश व मार्गदर्शन में बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय, देवजोड़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राधिकार के अमित कुमार सिंह, जयंती दत्त एवं साधना गोराई ने विद्यार्थियों को कानूनी अधिकार, मौलिक कर्तव्य, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम एवं एंटी-रैगिंग के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को अन्याय व शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने तथा कानून का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## भारी बारिश के अलर्ट पर जामताड़ा प्रशासन सतर्क



**जामताड़ा।** मॉनसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। भारी बारिश से अचानक बाढ़, नदी के जलस्तर में वृद्धि, भूस्खलन, कच्चे मकानों के गिरने, सड़क बाधित होने तथा बिजली एवं संचार व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा गया है। सड़कों पर पेड़ गिरने या सड़क बहने की स्थिति में शीघ्र मार्ग बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने की आशंका को देखते हुए बिजली व जलापूर्ति बहाल करने के लिए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। सिंचाई विभाग को लाधना, बिरग्राम, अजय नदी समेत आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने को कहा गया है। संभावित जानमाल के नुकसान को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग को समन्वय के साथ कार्रवाई करने तथा एसडीओ को 24म7 कंट्रोल रूम सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है।

## जनगणना 2027 की तैयारी तेज, डिजिटल आंकड़ा संकलन को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

**जामताड़ा।** जनगणना 2027 को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। उपायुक्त सह प्रधान जिला जनगणना पदाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर बुधवार को एसजीएसवाई सभागार में जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के ऑनलाइन डेटा संकलन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित हुई। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची से पहुंचे मुख्य प्रशिक्षकों ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिला जनगणना हस्तपुस्तिका मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से आंकड़े दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई। अधिकारियों को गांव एवं शहरों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, बैंकिंग, संचार एवं स्वच्छता जैसी सुविधाओं से जुड़े प्रमाणिक आंकड़े जुटाने की जानकारी दी गई। बताया गया कि क्षेत्रीय कर्मी आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर डिजिटल माध्यम से जानकारी दर्ज करेंगे। आंकड़ों का स्थानीय स्तर पर सत्यापन और क्रॉस-वेरिफिकेशन भी किया जाएगा, ताकि जनगणना के लिए विश्वसनीय डिजिटल डाटा तैयार हो सके। कार्यशाला में बीडीओ, कार्यपालक पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, चार्ज व सहायक चार्ज जनगणना पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

## गोड्डा के 30 नेटबॉल खिलाड़ी खेलो झारखंड चयन प्रतियोगिता के लिए रांची रवाना





**गोड्डा।** जिले के नेटबॉल खिलाड़ियों का एक दल बुधवार को गोड्डा रेलवे स्टेशन से रांची के लिए रवाना हुआ। रांची में 13 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली खेलो झारखंड चयन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा गया। इस चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का चयन दो आयु वर्गों में किया जाना है। इसमें अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे। गोड्डा जिले से कुल 30 खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रांची रवाना हुए हैं। खिलाड़ियों के साथ टीम की कोच मोनालिसा कुमारी भी रांची गई हैं।रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करने और जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। खिलाड़ियों ने कहा कि चयन प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकता है।नेटबॉल खिलाड़ियों के रांची रवाना होने पर खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के परिजनों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिले के खेलप्रेमियों ने उम्मीद जताई कि गोड्डा के खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

## एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में बुधवार को आउटडोर स्टेडियम में 21वीं जामताड़ा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 246 खिलाड़ियों ने अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 समेत पुरुष एवं महिला वर्ग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीडी भंडारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित सरन, सेंट एंथनी स्कूल के निदेशक चंचल भंडारी एवं जिला खेल समन्वयक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।डीडी भंडारी ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सुमित सरन ने जामताड़ा में खेल सुविधाओं को मजबूत करने की बात कही। चंचल भंडारी ने खेल और शिक्षा के संतुलन को जरूरी बताया।सचिव सरोज यादव ने आयोजन की सफलता पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, तकनीकी अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि 21-22 अगस्त को धनबाद में होने वाली सब-जूनियर प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

## सरकार के खिलाफ भाजपा का विरोध जारी रहेगा :माधव



**कुंडहित (जामताड़ा)।** झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में छात्राओं के उपर हुई लाठी चार्ज का विरोध करते हुए भाजपा के माधव चन्द्र महतो प्रेसवार्ता कर सरकार की कार्यशैली पर कड़ी निंदा की।माधव चन्द्र महतो मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा विधानसभा घेराव के दौरान छात्रों के उपर की गई पुलिस लाठी चार्ज की निंदा करते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा गया। उन्होंने कहा कि इस सरकार को शर्म नहीं है । आज 17 दिनों से हमारे बच्चे गर्मी,बारिश में अनशन पर बैठे हैं । मगर सरकार उनकी मांगों को पूरा करने के बजाय दमनात्मक करवाई करने में जुटी है। सबसे आश्चर्यजनक की बात यह है कि इस राज्य में कांग्रेस के समर्थन से सरकार चल रही है। लेकिन यह करेंगे नहीं या ठगते हैं और धोखा देने का काम करते हैं । जो आज बच्चों के साथ अन्याय हुआ है । चार दिनों से कटीले तार लगा दिए गए और अपराधियों जैसा लगातार व्यवहार किया जा रहा है । आंसू गैस छोड़े गए वाटर कैनन से पानी का बौछार किया गया ,चार बार से अधिक लाठीचार्ज किया गया है। उन्होंने कहा आज झारखंड का स्थिति इतनी खराब हो गया कि झारखंड के बच्चों को नौकरी नहीं मिल रहे हैं बिहार ,उड़ीसा ,छत्तीसगढ़ ,पश्चिम बंगाल के लोग आकर यहां पैसे देकर नौकरी खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा सत्ता में बैठे लोगों इतने अहम हो गए की वह सत्ता की गलियारी भूल गए । जिन छात्रों की बदौलत सत्ता में बैठे हैं आज उसी छात्रों पर लाठी चार्ज कर रहे हैं। मौके पर मनोज गौस्वामी ने बताया इस तरह की बर्बरता से भाजपा जोरदार विरोध करते हैं । भाजप छात्रों के साथ है और आगे भी रहेगा। मौके पर कुंडहित मंडल अध्यक्ष वरुण मंडल,बागडेहरी मंडल अध्यक्ष सुभद्रा वाउरी,गया प्रसाद मंडल,नोनी गोपाल गोराई,फुचु सिंह, रतनाकर माजि, निखिल माजि सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला : बीएड कॉलेज से लगी कांवरियों की लंबी कतार





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2026 के 14वें दिन बुधवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह ठीक 04ः07 बजे बाबा मंदिर के पट खुले और इसके साथ ही कांवरियों ने कतारबद्ध होकर जलार्पण शुरू किया। मंदिर परिसर से लेकर रूटलाइन तक बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर हजारों कांवरिया बाबा धाम पहुंचे हैं। कांवरिया पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ बाबा बैद्यनाथ का जयघोष करते हुए कतार में आगे बढ़ रहे हैं। प्रशासन की व्यवस्था के कारण जलार्पण की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है।

**बीएड कॉलेज से लगी कांवरियों की कतार**

मेला क्षेत्र में की गई चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत कांवरिया अनुशासन के साथ कतारबद्ध होकर बाबा मंदिर की ओर बढ़ रहे हैं। अहले सुबह से ही बीएड कॉलेज से कांवरियों की लंबी कतार लगी हुई है, जो निर्धारित रूटलाइन के माध्यम से मंदिर की ओर बढ़ रही है। रूटलाइन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य और स्वच्छता की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि कांवरियों को जलार्पण के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## क्यूआर कोड स्कैन कर शौचालय, पानी और सफाई में परेशानी होने पर फोटो के साथ भेज सकेंगे शिकायत

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2026 में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रशासन ने नई तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। मेला क्षेत्र में जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए गए हैं। किसी भी तरह की असुविधा या कमी मिलने पर श्रद्धालु क्यूआर कोड स्कैन कर फोटो के साथ अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देकर त्वरित समाधान कराया जाएगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से बेहतर अनुभव लेकर लौटें, इसके लिए तकनीक आधारित शिकायत समाधान व्यवस्था लागू की गई है। मेला क्षेत्र में शौचालय, पेयजल, सफाई, होल्डिंग प्वाइंट, प्रशासनिक शिविर, स्वास्थ्य शिविर, कांवरिया रूटलाइन समेत किसी भी स्थान पर परेशानी होने पर श्रद्धालु वहां लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत के साथ समस्या की तस्वीर भी अपलोड करने की सुविधा दी गई है। क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद गूगल फॉर्म खुलेगा, जिसमें शिकायत दर्ज करने का विकल्प मिलेगा। शिकायत और फोटो कंट्रोल रूम के सिस्टम में पहुंचते ही संबंधित विभाग को टैग कर कार्रवाई का निर्देश दिया जाएगा। इसके बाद मेला में तैनात टीम मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी।

शिकायतों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में विशेष सेल बनाया गया है। सिस्टम के माध्यम से शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि समस्या सामने आते ही संबंधित टीम को भेजा जा सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को छोटी से छोटी असुविधा के लिए भी लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े।

## स्वतंत्रता दिवस के पूर्व विद्यालय के बच्चों ने किया पूर्वाभ्यास



**मधुपुर ।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर शहर के विभिन्न विद्यालयों के द्वारा शहर के डाक बंगला मैदान में मंगलवार को मार्च फास्ट व पेरेंड का पूर्वाभ्यास किया गया. आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा बच्चों के द्वारा किये जा रहे पेरेंड का निरीक्षण किया. मौके पर सभी सरकारी व गैरसरकारी बच्चों को पेरेंड से संबंधित आवश्यक जानकारी दी. पेरेंड को लेकर सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को ओर बेहतर व सुधार करने की बात कही. साथ ही सभी को पेरेंड की महत्ता को बताया. उन्होंने बताया कि हर विद्यार्थी के जीवन मे पेरेंड का महत्वपूर्ण स्थान होता है. समिति द्वारा सभी को पूरे उत्साह के साथ पेरेंड करने की शुभकामना दी. आयोजन समिति के युवा सदस्यों के देखरेख में यह पूर्वाभ्यास किया गया. साथ ही उन्होंने सभी टीमों को बेहतर करने की आवश्यक जानकरी दी. मौके पर समिति के संयोजक अरविन्द कुमार, सह संयोजक हेमंत नारायण सिंह शाहिद अल्मी, रंजन कुमार, रवि सिंह, दीपक मिश्रा, आलोक कुमार, बिनोद प्रसाद, कामरान, मुमताज सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिका मौजूद थे.

## युवा दिवस पर रक्तदान शिविर, 40 यूनिट रक्त संग्रह



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** युवा दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर और 'ड्रॉप ऑफ ब्लड फैमिली' के संयुक्त तत्वावधान में देवघर ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर क्लब की अध्यक्ष डॉ. ममता किरण की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील क्लब की ओर से सिविल सर्जन को सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन एवं ब्लड बैंक प्रभारी ने क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए सदस्यों के समर्पण और तत्परता की प्रशंसा की। शिविर में संयुक्त प्रयास से कुल 40 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह रक्त जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगा। क्लब की सदस्य अर्चना सिन्हा और रेणु प्रीति अग्रवाल ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया। शिविर को सफल बनाने में क्लब की कार्यकारिणी एवं सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। मौके पर अध्यक्ष डॉ. ममता किरण,वाइस प्रेसिडेंट कंचन मूर्ति,आईएसओ अर्चना सिन्हा, आईपीपी ज्ञानी मिश्रा,सेक्रेटरी अर्पणा सिन्हा,ट्रेजरर चंद्रप्रभा,एडिटर सुषमा रानी,एग्जीक्यूटिव मेंबर नमिता भगत और सदस्य निशा जायसवाल मौजूद रहीं।

## सुनील खवाड़े ने हेयर क्राफ्ट मेक ओवर का किया उद्घाटन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** शहरवासियों को अब हेयर पैच और इयर पैच जैसी सुविधाओं के लिए दिल्ली, कोलकाता जैसे महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन के सामने हेयर क्राफ्ट मेक ओवर की शुरुआत बुधवार को हुई। प्रतिष्ठान का उद्घाटन शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रितु सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील खवाड़े ने केक काटकर उद्घाटन समारोह को सेलिब्रेट किया। मौके पर डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हेयर फॉल एक आम समस्या बन गई है। वहीं, कई महिलाओं के कान कट जाने के कारण वे कान की बाली तक नहीं पहन पाती हैं। ऐसे में देवघर में हेयर क्राफ्ट मेक ओवर की शुरुआत होने से स्त्री-पुरुषों को काफी सुविधा मिलेगी और उन्हें इन सेवाओं के लिए दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान की एक खास पहल यह भी है कि यहां नए लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे इस क्षेत्र में हुनर हासिल कर अपना करियर बना सकेंगे। उन्होंने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य और उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। प्रतिष्ठान की रिया राज सिंह ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए महज 1,500 रुपये में मेंबरशिप कार्ड की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से ग्राहक 9,000 रुपये तक की सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठान के संचालक वीरेंद्र सिंह, शिक्षाविद भारतेंदु दुबे, संजय मालवीय, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी रामप्रवेश सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव पीयूष जायसवाल,ऋषिराज सिंह, आजाद पाठक, निर्मल सिंह, नंदू साह, संजीत सिंह, नवीन शर्मा, डॉली सिंह, आशुतोष कुमार उर्फ जिम्मी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राज्यपाल से मिले चंद्र शेखर खवाड़े, सौंपा ज्ञापन

# बाबा मंदिर की व्यवस्था में पारदर्शिता और देवघर में भू-माफिया पर कार्रवाई की मांग



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** पंडा धर्मरक्षिणी सभा (रजि.), देवघर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता चंद्र शेखर खवाड़े ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से लोक भवन, झारखंड में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को अपनी स्वलिखित पुस्तक 'बाबा बैद्यनाथ धाम-दिव्य कथा' भेंट की। इसके बाद जनहित से जुड़े दो महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई और संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश देने का आग्रह किया। पहले ज्ञापन में बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर को देश का सर्वश्रेष्ठ,पारदर्शी,आधुनिक और श्रद्धालु हितैषी धार्मिक संस्थान बनाने से संबंधित सुझाव दिए गए। इसमें मंदिर की आय-व्यय एवं दान का नियमित सार्वजनिक विवरण जारी करने,स्वतंत्र ऑडिट कराने तथा दान एवं चढ़ावे की गणना सीसीटीवी और डिजिटल रिकॉर्डिंग के साथ प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में कराने की मांग की गई। ज्ञापन में मंदिर के अधिकारियों-कर्मचारियों की आय-संपत्ति के नियमानुसार सत्यापन,मंदिर कल्याण कोष के दान और उसके उपयोग का वार्षिक विवरण सार्वजनिक करने, प्रोटोकॉल व्यवस्था के नियम स्पष्ट रूप से प्रकाशित करने तथा श्रद्धालुओं के लिए दान राशि से निःशुल्क प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था करने का सुझाव भी दिया गया है। साथ ही मंदिर कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड, ध्वनि-विस्तारक प्रणाली के नियमित रखरखाव तथा बाबा को अर्पित जल-पुष्पों के सम्मानजनक एवं वैज्ञानिक प्रबंधन की मांग की गई। दूसरे ज्ञापन में देवघर में बढ़ती भू-माफिया गतिविधियों, दलाली,अवैध कब्जे,फर्जी दस्तावेज और कॉरिडोर के नाम पर कथित रूप से फैलाए जा रहे भय एवं भ्रम का मुद्दा उठाया गया। उन्होंने इन मामलों की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में भू-माफियाओं और उनके संरक्षणकर्ताओं की जांच, संदिग्ध संपत्तियों एवं आय के स्रोतों का सत्यापन, सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में कथित दलाली तंत्र की जांच तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही भू-अपराध, फर्जी रजिस्ट्री और अवैध कब्जे से जुड़े मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल (स्ढ्ढञ्ज) गठित करने तथा पीड़ित एवं शिकायतकर्ताओं को सुरक्षा देने का आग्रह किया गया। चंद्र शेखर खवाड़े ने कहा कि दोनों ज्ञापनों का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को लक्ष्य बनाना नहीं, बल्कि बाबा बैद्यनाथ धाम की गरिमा, श्रद्धालुओं की आस्था, प्रशासनिक पारदर्शिता, सुशासन और देवघर की जनता के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने राज्यपाल से दोनों मामलों पर गंभीरता से विचार कर संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आग्रह किया।

## भाजपा की मासिक बैठक में तिरंगा यात्रा और संगठन मजबूती पर बनी रणनीति



**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला की मासिक बैठक बुधवार को जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सचिन रवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला पदाधिकारियों के साथ सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और प्रवासी प्रभारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी यदुनंदन पाठक मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज भदौरिया ने किया। बैठक में घर-घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही संत शिरोमणि रविदास की जन्मस्थली से लाई गई पवित्र मिट्टी सभी मंडल अध्यक्षों को सौंपी गई। मंडल अध्यक्षों के माध्यम से इस मिट्टी को गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना है। बैठक में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका के विषय पर संगोष्ठी आयोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई। वहीं 15 अगस्त को भाजपा जिला कार्यालय देवघर में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संगठन को मजबूत करने के लिए शक्ति केंद्र और बूथ कमेटियों को और सक्रिय बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील मिश्रा, विशेष आमंत्रित सदस्य संजीव जजवाड़े, विशाखा सिंह, संजय यादव, अधिर चंद्र भैया, पप्पू यादव, मुकेश पाठक, अभयानंद झा, संतोष मुर्मू, सुलोचना देवी, जय कांत मंडल, महेश राय, सौरभ कश्यप, ममता गुप्ता, बलबीर राय समेत सभी मंडल प्रभारी, प्रवासी प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 300 बच्चों के बीच सामग्री वितरित




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी की ओर से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी संदेश ÷युवाओं, उठो, जागो और आगे बढ़ो÷ के तहत देवीपुर प्रखंड के मचनाटीला प्लस टू उत्क्रमित विद्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीतजोड़ी पंचायत के मुखिया सुभाष यादव ने किया। मुख्य अतिथि संस्था के केंद्रीय सचिव डॉ. मनोज कौशिक ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और युवाओं के प्रति उनके संदेशों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से शिक्षा के साथ अनुशासन, सेवा और आत्मविश्वास को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर करीब 300 विद्यार्थियों के बीच डाबर कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक-एक लीटर मिक्स फ्रूट जूस एवं लीची जूस, टूथपेस्ट, ग्लिसरीन, एलोवेरा जेल सहित कई अन्य सामग्री का वितरण किया गया। बेहतर सेवा के लिए विद्यालय के शिक्षकों को भी सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक विनोद दास, विद्यालय प्रभारी दीपक कुमार महतो, संतोष पासवान सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा। शिक्षक संदीप कुमार एवं सर्वेश्वर पंडित के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायी बताया।

# स्थापना दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मुर्मू के प्रतिमा का हुआ अनावरण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया स्थित मधुस्थली परिसर में मंगलवार को संस्थान का 12वीं स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया. समारोह का शुभारंभ महान स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो-कान्हू मुर्मू की प्रतिमा के अनावरण के साथ हुआ. प्रतिमा का अनावरण सिद्धो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका से आये डॉ. राजीव कुमार, कुलानुशासक, डॉ. जैनेन्द्र यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, किशन कुमार केजरीवाल, अध्यक्ष एम.सी.के.वी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, डॉ. जॉली सिन्हा प्राचार्या व डॉ. जनार्दन घोष मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मधुस्थली कैंपस की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सिद्धो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की कुलपति



प्रोफेसर (डॉ.) कुनुल कंदिर ने ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों एवं संस्थान की प्रगति के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी. डॉ. जैनेन्द्र यादव छात्र ने सिद्धो-कान्हू मुर्मू के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए झारखंड के स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रति व्यक्ति आय एवं रोजगार जैसे क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति पर विचार करने का आह्वान किया. डॉ. राजीव कुमार कुलानुशासक ने मधुस्थली की अल्प अवधि में हुई शैक्षणिक प्रगति, संस्थागत व्यवस्था एवं विकास की सराहना करते हुए इसे प्रशंसनीय एवं गौरव का विषय बताया. किशन कुमार केजरीवाल ने एक आदर्श एवं प्रभावी शिक्षक बनने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षक ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं.

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या डॉ. जॉली सिन्हा ने विश्वविद्यालय से पधारे अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन स्मृति-चिह्न प्रदान कर किया. सभी अतिथियों, अध्यक्ष एवं प्राचार्या की गरिमामयी उपस्थिति में केक काटकर समारोह को विशेष बनाया गया. समारोह के दौरान 'मधुकण' पत्रिका का विमोचन कमल मंडल संपादक तथा श्रीमती प्रिया कुमारी सह संपादक की उपस्थिति में हुई. ईको क्लब की ओर से अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया. साथ ही नेशनल लाइब्रेरियन डे के उपलक्ष्य पर मधुस्थली पुस्तकालय में 'बुक बैंक' का उद्घाटन किया गया. जिसका लाभ आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थी ले पाएंगे.अंत में रंजन रजक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में डॉ. जनार्दन घोष, श्री दिलीप कुमार झा सहित समस्त सहायक आचार्य एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे.

# सखी वन स्टॉप सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन हिंसा पीडित महिलाओं को मिलेंगी सहायता




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** अनुमंडल अस्पताल परिसर में मंगलवार को मिशन शक्ति के तहत %सखी वन स्टॉप सेंटर÷ का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया. महिलाओं को सुरक्षा, सहायता व सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. एसडीओ ने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर 1 अप्रैल 2015 से संचालित है और भारत के साथ-साथ झारखंड के सभी जिलों में इस तरह के केंद्र का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है. देवघर जिले में पूर्व से एक केंद्र संचालित है और मधुपुर में भी एक केंद्र का होना समाज कल्याण विभाग की एक अच्छी पहल है. अब आसपास के क्षेत्र से किसी भी तरह से हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी. उन्होंने बताया कि विभाग के साथ साथ गणमान्य लोग एवं आम जनता सभी मिलकर इस केंद्र का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें क्योंकि अब हिंसा से पीड़ित या संकट में फंसी महिलाओं को चिकित्सीय, कानूनी, मनोवैज्ञानिक और पुलिस सहायता जैसी सभी आवश्यक सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेवारी होगी. कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना ने ?सखी वन स्टॉप सेंटर के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करना ही इस केंद्र के संचालन का मुख्य उद्देश्य है. इस केंद्र के शुरू होने से महिलाओं को न्याय और सहायता पाने के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे. यहाँ उन्हें परामर्श, कानूनी सहायता, चिकित्सा सहायता व अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी. ?समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए मील का पत्थर बताया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास, अनुमंडल अस्पताल प्रभारी डॉ. शाहिद, रतन मिश्रा प्रधान सहायक समाज कल्याण, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीतू कुमारी, अरविंद कुमार, महेंद्र घोष, महिला पर्यवेक्षिका निवेदिता नटराज, प्रियंका कुमारी, सलोन्ति मुर्मू, परियोजना से अजय पाठक, बिनोद प्रसाद के अलावे आंगनवाड़ी सेविकाएं उपस्थित थी.

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन : 21-22 अगस्त को धनबाद जाएंगे खिलाड़ी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 12वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का बुधवार को भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन 195 खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लिया, जबकि पहले दिन 372 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। विभिन्न आयु वर्गों में कुल 80 पदकों के लिए रोमांचक मुकाबले हुए।

जिला एथलेटिक्स संघ की चयन समिति के चेयरमैन दीपक की अध्यक्षता में अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग की चयनित टीम की घोषणा की गई। ये खिलाड़ी 21 और 22 अगस्त को धनबाद में आयोजित राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में देवघर का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-18 और अंडर-20 के खिलाड़ियों की सूची सात दिनों के भीतर जारी होगी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला एथलेटिक्स संघ सह जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने विजेताओं को बधाई दी और अन्य खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा ने कहा कि देवघर की प्रतिभाओं को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया जाएगा। सचिव मनोज मिश्रा ने भी प्रतिभाओं को बेहतर संसाधन और अवसर देने की बात कही। इस दौरान खिलाड़ियों ने डॉ. सुनील खवाड़े के जन्मदिन पर केक काटकर खुशी मनाई। चयनित खिलाड़ियों में रूपेश




कुमार, अनन्या कुमारी, गायत्री कुमारी, दीपवली कुमारी, ज्योति प्रकाश, आराध्या ठाकुर, किशन कुमार डे, सुमंत राज, अमित यादव, राहुल कुमार मंडल और प्रतीक कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

## युवा दिवस पर 'ब्लड डोनेशन ऑन व्हील्स' शिविर, 9 यूनिट रक्त संग्रह



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आर. डी. रामा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, देवघर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर, सुभाष चौक में 'ब्लड डोनेशन ऑन व्हील्स' कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन पीयूष जायसवाल ने किया। शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कुल 9 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। प्रोफेसर-इन-चार्ज डॉ. सुचिता कुमारी ने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे आयोजन छात्राओं में समाज सेवा एवं मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।

# साहिबगंज में गंगा का जलस्तर किया चेतावनी रेखा पार,कटाव शुरू

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - साहिबगंज जिले में पिछले कई दिनों से गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है.जिसके कारण गंगा उफान पर है.बुधवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा 26.25 को पार कर गया है.मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार से बुधवार के बीच यानी 24 घंटा में गंगा के जलस्तर में 12 सेमी वृद्धि दर्ज की गई है. केंद्रीय जल आयोग पटना से जारी रिपोर्ट के अनुसार साहिबगंज में प्रतिदिन गंगा के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है. गंगा के जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है.क्योंकि बक्सर से फरक्का तक कई साइडों पर गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है.केंद्रीय जल आयोग के अनुसार साहिबगंज में बुधवार की सुबह 6 बजे गंगा का जलस्तर 26.34 मीटर



मापा गया.जो चेतावनी रेखा 26.25 मीटर से 9 सेमी ऊपर व खतरे के निशान 27.25 मीटर से मात्र 91 सेमी नीचे बह रही है.आयोग के अनुसार दियारा में रहने वाले सभी साइडो में गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है.वही फोरकास्ट में गंगा का जलस्तर में 30 सेमी वृद्धि होने का अनुमान जताया है. गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण साहिबगंज सदर प्रखंड क्षेत्र के कारगिल व बैधनाथ पुर दियारा में गंगा कटाव शुरू हो गया है. वही गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगो को एक बार फिर बाढ़ का भय सताने लगी है.वही जिला प्रशासन बाढ़ पर नजर बनाएं हुए है.

## सरकारी दर से अधिक कीमत पर डीएपी व यूरिया की बिक्री का आरोप, विधायक ने कृषि मंत्री से की शिकायत



संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा - पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहरवा, कोटालपोखर और गुमानी क्षेत्र के स्थानीय बाजारों में किसानों से डीएपी और यूरिया खाद की सरकारी निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूले जाने का मामला सामने आया है. किसानों की शिकायत पर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की.विधायक ने बताया कि सरकार द्वारा डीएपी की निर्धारित कीमत 1,350 रुपये प्रति बोरा, जबकि यूरिया की कीमत 266 रुपये 50 पैसे प्रति बोरा तय की गई है. इसके बावजूद क्षेत्र के स्थानीय बाजारों में कथित तौर पर डीएपी 1,850 रुपये प्रति बोरा और यूरिया 350 रुपये प्रति बोरा की दर से बेची जा रही है. इससे किसानों को सरकारी दर की तुलना में काफी अधिक राशि चुकानी पड़ रही है.विधायक निसात आलम ने कहा कि किसानों ने जब इस समस्या की शिकायत उनसे की तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत की. इसके बाद कृषि मंत्री से मुलाकात कर खाद की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई.विधायक ने मांग किया कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर जांच कराई जाए. ताकि खाद की कीमत में अनियमितता के पीछे सक्रिय लोगों और कथित सिंडिकेट का पता लगाया जा सके तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो.

## भाजपा की बैठक में तिरंगा यात्रा की तैयारियों और मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- भाजपा के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी का जिला स्तरीय मासिक बैठक बुधवार को साहिबगंज नगर के बंगाली टोला स्थित रॉबर्टसन क्लब हुई. बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, तिरंगा यात्रा की तैयारियों एवं मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.बैठक के दौरान नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर पूर्व विधायक अनंत ओझा द्वारा सम्मान किया गया. इस अवसर पर गणेश प्रसाद, कृपानाथ मंडल एवं मंडल मुर्मू को सम्मानित किया गया.वहीं जिला प्रभारी अमृत पांडेय द्वारा सभी मंडल अध्यक्षों को मन की बात की 100वीं कड़ी से संबंधित फाइल प्रदान की गई.राजमहल नगर अध्यक्ष को भी अंगवस्त्र एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया गया.बैठक में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की कलश यात्रा को रांची से साहिबगंज लाने वाले श्यामल दास , बप्पी निर्मल एवं संजीव को भी सम्मानित किया गया.बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा तथा 14 अगस्त को सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा. बैठक में जिला अध्यक्ष गौतम यादव,पूर्व विधायक अनंत ओझा, जिला प्रभारी अमृत पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश प्रसाद , उषा भारती , बप्पी निर्मल , संजीव सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## परियोजना निदेशक आईटीडीए ने सदर अस्पताल का लिया जायजा



**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज- डीसी दीपक कुमार दूबे के निर्देशानुसार परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास ने बुधवार को साहिबगंज सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, मरीजों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं तथा अस्पताल की समग्र व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था.औचक निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, आपातकालीन सेवाओं, दवा वितरण, जांच एवं अन्य प्रमुख चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता, साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा, चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता तथा आवश्यक संसाधनों की स्थिति की जानकारी ली.उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत कर चिकित्सा सुविधा, दवा, जांच एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया.परियोजना निदेशक ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को सम्मानजनक व्यवहार के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने तथा मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं आमजनों से सीधे जुड़ी हुई हैं और सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है. मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, आवश्यक दवाएं एवं जांच की सुविधा सुचारू रूप से मिले, इसे लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की संभावनाओं को चिन्हित करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया.

## विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चयन पर ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

उधवा- प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कटहलबाड़ी में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं पारदर्शी तरीके से नहीं कराई गई. जिसके कारण चुनाव की निष्पक्षता और वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं. इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से डीसी को लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा अनियमितता सही पाए जाने पर वर्तमान चुनाव को निरस्त कर पुनः चुनाव कराने की मांग की गई है. आवेदन की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को भी भेजी गई है. ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों को एसएमसी चुनाव की पर्याप्त पूर्व सूचना नहीं दी गई. उनका आरोप है कि कई पात्र अभिभावकों को चुनाव की जानकारी नहीं मिल सकी. जिसके कारण वे चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित रह गए.

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि स्थानीय पंचायत के संबंधित वार्ड सदस्य अथवा स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि को चुनाव प्रक्रिया में उचित रूप से शामिल नहीं किया गया.इसके अलावा पात्र अभिभावकों को मतदान एवं चुनाव में भाग लेने का अवसर नहीं दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है. आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चुनाव के दौरान विद्यालय के रिकॉर्ड में भी गड़बड़ी किए जाने की आशंका जताते हुए इसकी जांच की मांग की है. चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक की मौजूदगी में कथित तौर पर दबाव बनाकर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन कराया गया. ग्रामीणों का कहना है कि यदि सभी पात्र अभिभावकों को स्वतंत्र रूप से अपनी बात रखने और मतदान करने का अवसर नहीं मिला है तो ऐसी स्थिति में चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है.ग्रामीणों ने डीसी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, चुनाव से संबंधित दस्तावेज एवं कार्यवाही की जांच करने तथा दोषी पाए जाने वाले पदाधिकारियों या कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है.

## हर घर तिरंगा अभियान-साहिबगंज में कार्यक्रम आयोजित




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज-मालदा रेल मंडल के साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जानकारी के अनुसार साहिबगंज स्टेशन परिसर में एसएस गुड्डू कुमार के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी . जागरूकता रैली में रेलवे कर्मी, आरपीएफ, जीआरपी सहित रेलवे कर्मी शामिल होकर सभी हाथों में तिंरगा लिए जागरूकता रैली निकालकर पूरे स्टेशन परिसर ओर स्टेशन चौक, ग्रीन होटल मोड सहित मुख्य चौक चौराहा होते हुए स्टेशन परिसर आकर सम्पन्न हुआ. स्टेशन मास्टर गुड्डू कुमार कहा कि प्रत्येक रेलकर्मी और जिलावासी अपने घरों और प्रतिष्ठान में तिरंगा झंडा फहराए. और अपने सगे संबंधी रिश्तेदारों दोस्तों को भी अपने घर में तिरंगा झंडा फहराने के लिए जागरूक करे.उन्होने कहा कि यह अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाना है. सभी अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराए. मौके पर एएमई पवन कुमार सिंह, एआरटी आईसी मो रिजवान अहमद, एसएसई कैरेज एंड वैगन इंचार्ज गुरुदेव प्रसाद साह सहित दर्जनों रेलवे कर्मी, आरपीएफ, जीआरपी महिला पुरुष जवान उपस्थित थे.

## स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा




साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित पूर्व रेलवे उच्च विद्यालय परिसर से बुधवार को स्कूली छात्रों ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकाली. स्कूली छात्र छात्राएं हाथों में तिरंगा झंडा लेकर स्कूल से निकलकर मुख्य चौक चौराहा होते हुए नगर का भ्रमण करते हुए लोगों के बीच देश भक्ति का भावना जगाई .वही विद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत् कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया गया.

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का प्रशिक्षण संपन्न

राजमहल में 7 अगस्त से 12 अगस्त तक चार दिवसीय प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर प्रशिक्षण अंतिम दिन चला. प्रशिक्षण का संचालन इंप्लीमेंट सपोर्ट ऑफिसर अजय केशरी ने किया. प्रशिक्षण में योजना पर विस्तार से चर्चा किया गया. इसके उद्देश्य और क्रियान्वयन हेतु संपूर्ण जानकारी दी गई. इसमें महिला सुपरवाइजर निशया कुमारी, पदमा प्रजापति और मंजू यादव ने डिस्पोजल ड्राईव के निष्पादन में काफी सहयोग दी.


**नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी–मधुपुर–नेजाती सुभाष चंद्र बोस इतवारी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन आर बार ट्रिप चालाक्आ**

श्रावणी मेला ताला रे सांगाड़ियाकोवाक् बांड़ती भीड़ दाराम लागित्, **08895/08896 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी–मधुपुर–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी श्रावणी मेला स्पेशल** ट्रेन रेयाक् हिजुक्-सेनोक् दो लातार रे ओलाकान तारिकको हिलोक् बानार दिग रे ओनाकिन रेयाक् निताक् डाहार, सोमोय-टेवान, तेंगोन आर गोठेन लेकारे आर बार ट्रिप लागित् तोंगे ताहेंनाः **08895 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतुवारी खोन** माहित 18.08.2026 आर 25.08.2026 (बालेमाहां) हिलोक् आर **08896 मधुपुर खोन** माहित 19.08.2026 आर 26.08.2026 (सागुनमाहां) हिलोक्। एमान तेयाक् जोतो बातलावको दो एनका गे ताहेंना।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**


## जागृति अभियान पर कार्यक्रम आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - साहिबगंज जिले में जागृति योजना 2025 के तहत् सशक्त युवा सशक्त भारत अभियान का व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है. पूरे माह चलने वाले इस विशेष अभियान को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार द्वारा विशेष प्रधानता दी गई है.उन्होंने अभियान की महत्ता को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अभियान का प्रभावी एवं व्यापक अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.निर्देश दिया है कि जिले के अधिक से अधिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण तथा सामुदायिक क्षेत्रों तक विधिक जागरूकता कार्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित की जाए.

## लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की तैयारियों की समीक्षा

साहिबगंज - झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों एवं अधिकाधिक मामलों के निष्पादन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई.बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों को अधिक से अधिक समझौता योग्य मामलों को चिन्हित कर त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निष्पादन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया.लंबित मामलों की पहचान, पक्षकारों से समय पर संपर्क, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने तथा समझौते की संभावनाओं वाले मामलों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया.


**देवघर नगर निगम**
**राजा बगीचा, विलियम्स टाउन, देवघर- 814112**

पत्रांक :–1679 **आम सूचना** दिनांकः– 11.08.2026

देवघर नगर निगम क्षेत्र में शहरी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने, अति क्रमणहटाओ अभियान, नगर निगम के द्वारा विभिन्न करों, इत्यादि अन्य कार्य को प्रभावीढंग से चलाने और कानून–व्यवस्था में सहयोग हेतु Marshal -Enforcer पदों पर सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इस भर्ती में भूतपूर्व सैनिक, अर्धसैनिक बल/रक्षा बल और सामान्य नागरिक भाग ले सकते है।

| पद का नाम | कुल पद | योग्यता | उम्रसीमा | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| Marshal - Enforcer | 10 | इन्टरमीडिएट या समकक्ष | न्यूनतम आयु 21वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष (01.04.2026 तक) | समान्य नागरिक को "अकुशल श्रेणी" एवं भूतपूर्व सैनिक/अर्धसैनिकबल/रक्षा बल के उम्मीदवार को "कुशल श्रेणी के न्यूनतमदर" अनुरूप राज्य सरकार द्वारा निधारित दैनिक न्यूनतम् मजदूरी दर देय होगा। |

1. अधिकतम Height वाले पुरूष एवं महिला उम्मीद वार को प्राथमिकता प्रदान किया जाएगा।
2. उम्मीदवार शारीरिक रूप से फिट होना अनिवार्य होगा, जो समयानुसार लम्बी दूरी दौड सके, लम्बे समय तक एक स्थान पर खड़े हो सके, लम्बे दूरी तक पैदल चल सके।
3. पंजीकृत डॉक्टर द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. Police Clearance Certificate (PCC) प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।
5. भूतपूर्व सैनिक, सेवानिवृत अर्धसैनिकबलों और डिफेंस फोर्स के जवानों को चयन प्रकिया में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
6. अनुबंधित अवधि के दौरान चयनित उम्मीदवार किसी अन्य सरकारी, अर्ध–सरकारी या निजीसंस्थान/जगह पर कार्य (नौकरी या व्यवसाय) नहीं करेंगे।
7. उम्मीदवार को दोपहिया वाहन चलाने का ज्ञान हो एवं वैध Driving License होना अनिवार्य होगा।
8. स्वयंका Smart Phone होना चाहिए एवं उसको चलाने आना चाहिए।
9. देवघर में निवास करने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. **यह पूर्णतः अस्थायी नियोजन है, भविष्य में स्थायीकरण हेतु कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।**
11. यह नियोजन 11 महीने के अनुबंध पर होगा। अवधि पूर्ण होने पर नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। कार्य संतोषजनक होने पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा अवधि विस्तार पर विचार किया जा सकता है।
12. देवघर नगर निगम के पासबिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन/भर्ती प्रकिया को किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण रूप से संशोधित अथवा रद्ध करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए कोई भी दावामान्य नहीं होगा।
13. यह नियोजन पूर्णतः अस्थाई के आधार पर है। नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम के पास विवेकाधिकार सुरक्षित है कि वे बिना कोई कारण बताए या बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी कर्मचारी की सेवाको कभी भी समाप्त कर सकते है। इस संबंध में नगर आयुक्त का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

विस्तृत विवरणी यथाचयन प्रक्रिया, नियम–शर्ते Scope of Work एवं आवेदन प्रपत्र इत्यादि देवघर नगर निगम के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र (प्रारूप कार्यालय सूचना पट्ट से अवलोकन कर सकते है) के साथ अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पंजीकृत डॉक्टर मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पुलिस क्लीयरेंससर्टिफिकेट(PCC)और सेवानिवृत्ति दस्तावेज (यदि लागू हो) की मूल प्रमाण पत्र के साथ दोस्व–अभि प्रमाणित छाया प्रतियों के साथ देवघर नगर निगम कार्यालय, राजा बगीचा, विलियम्सटाउन, देवघर–814112 में निम्नलिखित तिथि को Walk in Interview में भागले सकते है :–

साक्षात्कार की तिथि : –दिनांक 20.08.2026

पंजीकरण एवं रिपोर्टिंग का समय :– 10.00 AM से 11.30AM बजे तक (11.30 AM बजे के उपरान्त आने वाले उम्मीदवारों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा)

ह0/–
नगर आयुक्त,
देवघर नगर निगम, देवघर

PR 387376 Deoghar(26-27)#D



**जिला उद्यान कार्यालय, देवघर**
**संयुक्त कृषि भवन, चांदपुर,डाबरग्राम, देवघर Email :- dhodeoghar@gmail.com**

**किसान भाईयों के लिए आम सूचना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 26 दिनांक 19.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए **"कृषि निर्यात एवं कृषि विपणन–सह–पोस्ट हार्वेस्ट आधारभूत संरचना का विकास"** योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान पर भौतिक लक्ष्य के प्राप्ति एवं योजना का कार्यान्वयन हेतु इच्छुक कृषकों/महिला समूह/सखी मंडल/कृषक समूह/FPO से आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | योजना अवयव | भौतिक लक्ष्य | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| | | 70% अनुदान पर | 95% अनुदान पर | |
| 1 | टमाटर की सोर्टिंग एवं ग्रेडिंग इकाई | 02 इकाई | 02 इकाई | 70% अनुदान सम्पन्न कृषकों एवं 95% अनुदान अनु0 जाति/अनु0 जनजाति वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर कृषकों के लिए है। |
| 2 | वातावरण नियंत्रित पूर्व शीतलन कक्ष (Precooling Unit) | 01 इकाई | 01 इकाई | |
| 3 | पैक हाउस इकाई की स्थापना | 02 इकाई | 01 इकाई | |
| 4 | वाष्पणिक /निम्न उर्जा शीत कक्ष इकाई की स्थापना (Cold Room 8 MT) | 01 इकाई | 02 इकाई | |
| 5 | माप तौल यन्त्र (Weighing Machine) | 19 इकाई | 30 इकाई | |

1. उपर्युक्त योजना 70% या 95% अनुदान पर आधारित है। कृषक अंशदान की राशि लाभुक को वहन करना होगा।
2. इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक को कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भर कर पंचायतीराज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20.08.2026 तक 5.00 बजे अपराहृण तक आवेदन दे सकते हैं।
3. आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, मोबाईल नं0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र जमीन संबंधी अद्यतन रसीद या LPC जिसके पीछे मुखिया द्वारा प्रमाणित वंशावली एवं आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले जमीन का जिक्र हो संलग्न होना आवश्यक है।
4. आवेदन पर जनप्रतिनिधि एवं BAO/BTM/VLW/ATM/UM का अनुशंसा होना आवश्यक है।
5. एग्री स्मार्ट ग्राम को विकसित करने हेतु योजना लाभ में प्राथमिक्ता दी जायगी। महिला कृषक एवं JSLPS से प्राप्त कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह/FPO को प्राथमिकता दी जायगी।
6. लाभुक का चयन पदाधिकारी के द्वारा स्थल जांच कर चयन समिति के द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त कृशक का चयन किया जायगा।
7. आवेदन कार्यालय द्वारा उपलब्ध विहित प्रपत्र में हीं भरा जायगा, जिसे कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अपूर्ण/गलत आवेदन/पुर्व में जिस किसान ने लाभ लिए है, उनका आवेदन स्वतः रद्द समझा जायगा।
8. सभी योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला उद्यान कार्यालय, देवघर से प्रत्येक कार्य दिवस 10:00 पूर्वा0 से 05 अपराहण तक प्राप्त किया जा सकता है।

PR 387348 (Deoghar)26-27*D जिला उद्यान पदाधिकारी देवघर



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय से प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/DWSD/DEO(SP)/2026-27 तथा PR No.-387140 में आंशिक संशोधन निम्नरूपेण किया जाता है।

| विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि/समय |
|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.08.2026/ 05.00 P.M. | 13.08.2026/ 11.00 A.M. |
| निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 17.08.2026/ 05.00 P.M. | 19.08.2026/ 03.00 P.M. |
| सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 17.08.2026/05.00 P.M. | 19.08.2026/03.00 P.M. |
| तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 18.08.2026/ 05.00 P.M. | 20.08.2026/ 04.00 P.M. |

अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

PR 387351 (Drinking Water and Sanitation)26-27*D



**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर**
**(जिला खेल कार्यालय, देवघर)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रॉची के पत्रांक–563, दिनांक–05.08.2026 द्वारा युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा साहसिक गतिविधियों से जुड़े उत्कुष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करने हेतु "Tenzing Norgay National Award (TNNAA)-2025" के लिए नामांकन आमंत्रित किये गये हैं। उक्त के आलोक में देवघर जिले में उक्त पुरस्कार हेतु अर्हता प्राप्त साहसिक खिलाड़ियों एवं योग्य व्यक्ति अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय, देवघर में दिनांक–19.08.2026 तक जमा कर सकते हैं। उक्त से संबंधित प्रपत्र एवं दिशा–निर्देश देवघर जिले के वेबसाईट www.deoghar.nic.in एवं जिला खेल कार्यालय देवघर के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
देवघर

PR 387291 Deoghar(26-27)#D



**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, दुमका।**

**वेद–व्यास आवास निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के स्वीकृत्यादेश सं0 04 रा0 (वि0) दिनांक 21.05.2026 के आलोक में दुमका जिले के सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य ब्रिकी में सक्रिय रूप से जुड़े हैं, के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 में "वेद–व्यास आवास योजना" अंतर्गत –796–जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना अन्तर्गत 10 एवं –789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना अन्तर्गत 02, कुल–12 इकाई आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है।

उक्त आवास योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहायता अनुदान की अधिकतम राशि मो0 1,91,200/– (एक लाख एकानब्बे हजार दो सौ) रूपये मात्र प्रति आवास निर्धारित है।

**अहर्ताएँ :–**

1. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य बिक्री में सक्रिय रूप से जुड़े हों तथा प्रशिक्षण प्राप्त हो।
2. गरीबी रेखा के नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वाले मछुआरों को भी कंडिका (i) एवं (ii) के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जायेगी।
4. प्रक्रियानुसार दिव्यांग आवेदक हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 3 प्रतिशत तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया जायेगा।
5. कलस्टर में आवास का निर्माण कराए जाने को प्राथमिकता दिया जाएगा।
6. आवेदक द्वारा आवास निर्माण संबंधी आवेदन के साथ वर्त्तमान आवास का जियो टैगिंग फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. पूर्व में किसी भी सरकारी योजना द्वारा आवासीय लाभ प्राप्त नहीं होने संबंधी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदक को NFDP Portal पर निबंधित होना अनिवार्य है, आवेदन में NFDP निबंधन संख्या अंकित करना अनिवार्य है। (प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
9. आवास निर्माण हेतु आवेदन के साथ अंचलाधिकारी स्तर से निर्गत भूमि–स्वामित्व प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. ऐसे लाभुकों को दोबारा आवासीय लाभ नहीं दिया जायेगा जो पूर्व संचालित विभागीय वेद–व्यास आवास/मछुआ आवास योजना अथवा इन्दिरा आवास योजना या समतुल्य आवास/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

उपरोक्त शर्तों के अधीन दुमका जिला के इच्छुक एवं सुयोग्य मत्स्य पालकों/मछुआरों से **दिनांक 10.09.2026** तक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, दुमका में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोटः–त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरा आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।**

विश्वासभाजन
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, दुमका।

PR 387371 (Fish) 26-27 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत, महागामा (गोड्डा)**
**npmahagama1@gmail.com**

**ज्ञापांक– 729/न0पं0, महागामा, दिनांक– 11/08/2026**

**अति अल्पकालीन कोटेशन/निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– UDD/NPM/10/2026-27**

महागामा नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत नगरवासियों को समुचित साफ–सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छ नगर पंचायत प्रदान करने हेतु नगर पंचायत क्षेत्र की हो रहे साफ–सफाई सामग्रियों का मुहरबंद भावपत्र/दर इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्त्तिकर्त्ता से आमंत्रित की जाती है। भावपत्र खोलते समय निविदादाता या प्राधिकृत उपस्थित रह सकते हैं।

1. विज्ञापन दाता का पदनाम/पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, महागामा
2. कोटेशन प्राप्ति की तिथि/समय :– दिनांक– 19.08.2026 को 01:00 बजे अप0 तक।
3. कोटेशन खोलने की तिथि/समय :– दिनांक– 19.08.2026 को 03:30 बजे।
4. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– नगर पंचायत कार्यालय, महागामा।

| क्र0 | सामग्री का नाम | यूनिट | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कुदाल | प्रति पीस | 15,000=00 (पन्द्रह हजार) रू0 |
| 2 | कुदाल पंजा बेंट | प्रति पीस | |
| 3 | झाड़ु (नारियल) | प्रति कि0ग्रा0 | |
| 4 | डलिया (बाँस वाला) | प्रति पीस | |
| 5 | पंजा (लोहा बड़ा पट्टी) | प्रति पीस | |
| 6 | ब्लीचिंग पाउडर | प्रति पैकेट | |
| 7 | चूना पाउडर | प्रति पैकेट | |
| 8 | डभिया | प्रति पीस | |
| 9 | कचिया | प्रति पीस | |
| 10 | धामा | प्रति पीस | |
| 11 | हाथ पंजा | प्रति पीस | |
| 12 | खुर्पी | प्रति पीस | |
| 13 | सब्बल | प्रति पीस | |
| 14 | कुल्हाड़ी (छोटा–बड़ा) | प्रति पीस | |
| 15 | Two Wheel Trolly | प्रति पीस | |

नोट– इस सूचना से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तो का अवलोकन महागामा नगर पंचायत, कार्यालय/कार्यालय के सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in पर किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, महागामा

PR 387283 Urban Development (26-27)_D

# स्वतंत्रता दिवस रे राष्ट्रपति भवन रे आंजोमोक्आ छत्तीसगढ़ रेयाक् 'गुट्टा मांदर'





**खोबोरिया**

**धमतरी।** स्वतंत्रता दिवस ओ़पसो़र रे 15 अगस्त हिलोक् राष्ट्रपति भवन रे ओरामेन समारोह रे छत्तीसगढ़ रेयाक् किसा़ंड़ आदिवासी लोकसंस्कृति राष्ट्रीय मंच रे आकोवाक् खास उपरूमको सो़दो़र। धमतरी जिला़ रेयाक् नगरी विकासखंड रेयाक् ग्राम सरईटोला गुडरापार रेयाक्जय गढ़िया बाबा आदिवासी लोक मांदरी एनेच् दो़ल राष्ट्रपति भवन रेपारंपरिक गुट्टा मांदर एनेच्को उदुक् सो़दो़रा। आतो अंचल रेन कलाकारको दिसा़म रेयाक् ना़मी राष्ट्रीय मंच रे आकोवाक् कलाउदुक् सो़दो़र रेयाक् ओ़पसो़र ञामो़क् एकेन धमतरी, बो़रो़ड़पुरा़उ छत्तीसगढ़ ला़गित् गो़रो़बान विषय काना। सरईटोला रेयाक्नोआ लोक एनेच् दो़ल आकोवाक् खास गढ़वा एनेच् शैली, गुट्टा मांदररेयाक् दाड़ेयान रू, पारंपरिक वेशभूषा आर लोक रूरूवाक्को ला़गित् बाडायो़क् काना। नोआ उदुक् सो़दो़र रे छत्तीसगढ़ रेनआदिवासी सोमाज रेयाक् लोकजीवन, परंपराको आर पो़रो़बको आरसामुदायिक संस्कृति रेयाक् जीवंत झालाक ञेलो़क्आ। तुड्दाक्रू, पारंपरिक सेरेञ आर मित्ते एनेच् नोआ लोककला दो़ खास उपरूमे एमावाक् काना। रो़ड़ बिरो़ड़ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा,आभरान आर साज सापड़ाव एनेच्को उदुग रेयाक् सांस्कृतिक गरिमाआरहोंय बाढावेत् काना। नोआ हो़ड़ एनेच् एकेन ञेलजो़ड़ रा़सका़ होरागे बाड़, बो़रो़ड़ हो़ड़जियोन, सामुदायिक एकता आर आयमा पीढ़ी चालाव हिजुक्कान परंपराको रेयाक् साधो़न काना। फे़सो़ल गेत्राकाप्, पो़रो़बको, मेलाको आर आयमा सामाजिक सांस्कृतिक ओ़पसो़रको रे नोआ ओरामो़क् काना। दो़ल रेन सचिव रूपराय नेताम दो़य ला़ई केदा जे सांस्कृतिक भवन, नागपुर सेच् खो़न दो़लआक् मो़ंज उदुक् सो़दो़र आर पारंपरिक कलाको रेयाक् खास उपरूम ञेल तुलुच् स्वतंत्रता दिवस समारोह ला़गित् राष्ट्रपति भवन रे उदुग ला़गित् बाछाव आकाना। उनीय मेन केदा जे दिसा़म रेयाक् सर्वोच्च संवैधानिक संस्थान रे छत्तीसगढ़ रेयाक् लोककला सो़दो़र दो़ दो़लरेन ला़गित् आ़डी गो़रो़बआनाक् ओ़पसो़र काना।

# तिरंगा रेयाक् शान रे ओडोकेना एनसीसी कैडेटकोवाक् सांगार

## ब्रिगेडियर दीपक गौर दो़ 4 झारखंड गर्ल्स बटालियने ञेल ओ़नमान केत्कोआ

**खोबोरिया**



**दुमका।** एनसीसी ग्रुप मु यालय, हजारीबाग रेन ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपक गौर दो़ बुधवार हिलोक् 4 झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी, दुमका रेय ञेल दाड़ां केदा। बटालियन सेटेरेन रे कमान अधिकारी कर्नलअनिल कुमार आर सूबेदार मेजर विकाश रॉय दो़ उनीकिन आताडदाराम केदेया। एनसीसी कैडेट दो़ ग्रुप कमांडर मानो़त सालाक् गार्ड ऑफ ऑनरको एम चालआदेया। गार्ड ऑफ ऑनर तायो़म ब्रिगेडियरगौराक् बटालियन रेन आसो़ल पदाधिकारीको आर स्थायी अनुदेशात्मकस्टाफ ठेन उपरूमको बाडाय ओचोकेदेया। कमान अधिकारी कर्नल अनिल कुमार दो़ बटालियनाक् सिखिना़त गतिविधिको, प्रशासनिक बेबो़सताको,एनेमको आर भविष्य रेयाक् योजनाको फायलावतेय ला़यात्कोआ। इना़तायो़म ग्रुप कमांडर दो़ बटालियन छाटका रेय ञेल दाड़ां काते सिखिना़त सुबिताको आर एटाक् बेबो़सताकोय ञेल ओ़नमान केदा। नोआताक हर घर तिरंगा यात्रा हों ओराम एना। ब्रिगेडियर दीपक गौर, कर्नल अनिल कुमार, नागरिक कर्मचारी, स्थायी अनुदेशात्मक स्टाफ आर100 खो़न जा़सती एनसीसी कैडेट दो़ कुसी सालाक् नोआ रेको सेलेत्एना। हो़र रे टो़ठारिया़ हो़ड़ दो़ तिरंगा लाहरावकातेकैडेटकोको कुसी ओचोकेत्कोआ। आयमा ठा़ंव रे बाहाछिटका़उकाते दिसा़म दुला़ड़ ते ओतप्रोत सांगारको आताङ दाराम केत्कोआ।

# एनआई का़मी खा़तिर आयमा ट्रेन रद्द आर डायवर्ट एना

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व मध्य रेलवे रेयाक् दानापुर मंडल रे नावां साको आर आसो़ल लाइन लिंकिंग का़मी ला़गित् प्रस्तावित नॉन इंटरलॉकिंग का़मी रेयाक् ईस्ट कोस्ट रेलवे सांव जोड़ाव आयमा ट्रेन चालावहिजुक् रे एसेर पाड़ाक्आ। राजेंद्र पुल हाथीदह ताल रामपुरसेक्शन रे एनआई का़मी खा़तिर 21 सितंबर खो़न 4 अक्टूबर 2026 धा़बिच् आदो़म ट्रेन रद्द आर आदो़म ट्रेन दो़ बो़दो़ल हो़र ते चालाव रेयाक्को गोटा आकादा। बुधवार हिलोक् ईस्ट कोस्ट रेलवेरेयाक् प्रधान मु य परिचालन प्रबंधक कार्यालय सेच् खो़न नोआ बाबो़त रे अधिसूचनाको जारी आकादा। अधिसूचना लेकाते, 24 सितंबर हिलोक् ट्रेन सं या 03230 पटना किऊल एक्सप्रेस, 25 सितंबर हिलोक् 03229 किऊल पटना एक्सप्रेस, 26 सितंबर हिलोक् 18405 पुरी पटना एक्सप्रेस आर 27 सितंबर हिलोक् 18406 पटना पुरी एक्सप्रेस रद्द ताहेंना। नोआ छाडा 1 अक्टूबर हिलोक् 03230 पटना किऊल एक्सप्रेस, 2 अक्टूबर हिलोक् 03229 किऊल पटना एक्सप्रेस, 1 अक्टूबर हिलोक्18419 पुरीजयनगर एक्सप्रेस आर 3 अक्टूबर हिलोक् 18420 जयनगर पुरी एक्सप्रेस चालाव हों रद्द ताहेंना। नोते संबलपुर गोरखपुर एक्सप्रेस रेयाक् आयमा सांगार हो़र बो़दो़लकाते एटाक् हो़र तेको चालावा। ट्रेन सं या 15027 आर 15028 गा़डी निट ता़रिक रे किऊल, मोकामा आर बरौनीहो़र ते चालाव रेयाक्को गोटा आकादा। नोआ ट्रेन दो़ संबलपुर राउरकेला बोकारो किऊल सीतामढ़ी हो़र बाडकाते बो़दो़ल हो़र तेको चालावा। 25 सितंबर खो़न 4 अक्टूबर ताला जुदा़ जुदा़ ता़रिक रे नोआ ट्रेन रेयाक् हो़र बो़दो़लगे ताहेंना। ट्रेन सं या 68004 गुवा टाटानगर, 68019 टाटानगर गुवा, 68020 गुवा टाटानगर आर 68009 टाटानगर चक्रधरपुर मेमू पैसेंजर रेयाक् टर्मिनल 27 जुलाई खो़न 10अगस्त धा़बिच् टाटानगर ठा़ंव रे आदित्यपुर दो़हो़ लेना। नोआ ते टाटानगर यार्ड रे भीड़ को़माव सा़ंवते ट्रेन रेयाक् डिटेंशन रे सुधरा़उ आकाना। बा़ड़ती भीड़ ञेल तुलुच् टाटानगर रामगढ़ बिडा़उ स्पेशल ट्रेन सं या 08181/08182 गा़डी चालाव होंको बाढ़ाव आकादा। बिडा़उ स्पेशल ट्रेन लाहाते निट सो़मो़य तायो़म हों चालाक्आ। ट्रेन सं या 08181 टाटानगर रामगढ़ आर 08182 रामगढ़ टाटानगर गा़डी दो़ निट सो़मो़य, तेंगोन आर कोच बानाव लेकाते चालावो़क्आ। टाटानगर रामगढ़ परीक्षा स्पेशल फायलाव सो़मो़य 17 खो़न 21 अगस्त आर रामगढ़ टाटानगर परीक्षा स्पेशल रेयाक् फायलाव सो़मो़य 18 खो़न 22 अगस्त धा़बिच् निट आकाना। रेलवे दो़ सांगारिया़कोवाक् सुबिता आर बिडा़उ रे सेनो़क्को पाठवा़कोवाक् बा़ड़ती भीड़ धेयान दो़हो़यतुलुच्ए गोटा आकादा।

# रांची रे दिनभोर बोदमास दो़ सोना मालाको रेच् आ़तकिरानाक्आ जांच रेको धुरा़वेना पुलिस

**खोबोरिया**

**रांची।** राजधानी रांची रे बुधवार सेताक् कोकर रे मेनाक् सीमा सुजुकी सामाडरे बाइक देच् बारया बोदमास दो़ मित् हो़ड़ाक् हो़टो़क् खो़न सोना मालाकिन रेच् आ़तकिराना आरकिन दा़ड़ केदा। टो़ठरिया़ हो़ड़ लेकाते, सुनील महतो दो़ दिना़म दिन लेकागे बुधवार सेताक् आयाक् ओड़ाक् खो़न बाहरे गिदरा़वाक् इसकुल बास गा़डीय तांगीयेत् ताहेंना। नोआ ओ़कते बाइक देच् बारया बोदमास कोड़दो़ गाली रेकिन हेच् एना। ताकें लकाते सुनील महतोवाक् हो़टो़क् खो़न सोना मालाकिन रेच् आ़तकिरानाक्आ आर बाइक तेकिन दा़ड़केदा। घो़टो़ना तायो़म सुनील महतो दो़ थाना रेय ला़लिस केदा। बाडाय सा़ंवते गे पुलिस दो़ मामला जांचको एहो़प् केदा। थाना प्रभारी कुलदीप कुमार दो़य ला़ई केदा जे पुलिस दो़ इना़ सोर रेयाक् सीसीटीवी कैमरा रेयाक् फुटेजको सेंदरायेत् काना। पुलिस दो़ फुटेज आधार रे उनी पाछनावे आर साबे ला़गित्को सेंदरायेदे काना।

# सो़ड़ो़क घो़टना रेय गो़च् एना मित् हो़ड़, घा़लेनाको पेया

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना टोठा रेयाक् निर्मल चौक आर ताता पत्थर ताला रे बालेमाहां हिलोक् ञिन्दा़ होयेन सो़ड़ो़क घो़टन रे टाटा मोर्टर्स रेन ठिका़ का़मिया़ 24 बो़छो़र रेन राकेश महतोय गो़च्एना। घो़टना रे आर पेया जुवा़न आ़डी काजाक्को बाजावाकाना।

टेठकिया़ हो़ड़ ठेन खो़न ञाम आकान काथा लेकाते धनिया रेन हो़ड़ राकेश महतो दो़ ड्यूटी मुचा़त् काते ग्लैमर बाइक ते आपनार ओड़ा़क् तेय रूवा़ड़ो़क्कान ताहेंकाना। उन ओ़कते गे निर्मल चौक ताता पत्थर ठेन सामाङ सेच् खो़न हिजुक्कान ताहेंन मित्टेन स्प्लेंडरबाइक सो़गे उनीयाक् बाइक आ़डी मुरूक ठे़को़रेना। स्प्लेंडर बाइक रे पेया जुवा़नको देच् आकान ताहेंकाना आर बाइक रे नंबर प्लेट हों बाङ लागाव ताहेंकाना। नुना़क् मुरूक ठे़को़रेना जे बानार बाइक रे देच् आकान ताहेंन हो़ड़ सो़ड़ो़क रे भिन्दा़ड़ काते आ़डी काजाकको बाजावेना। घो़टना तायो़म आयमा हो़ड़ ओन्डेको जारवायेना। बानार बाइक आ़डी ता़पिस रे ताहेंकाना, ओनाते आमने-सामने खो़न ठे़को़रेना। स्प्लेंडर बाइक रे देच् आकान ताहेंन पेया जुवा़नाक् पाछनाव दो़ जादूगोड़ा थाना टोठा रेयाक् तिलामुड़ा आतो रेन गिरा़बासी समीरमाझी (17), समीर कालिंदी (20) आर बिरसा मांझी (18) रूप रे होयआकाना। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञाम तायो़म एमजीएम थाना पुलिस ओन्डेको सेटेरेना आर घा़लाकान हो़ड़ रान ओचोको ला़गित् ते टाटा मोटर्स अस्पताल तेको कोल केत्कोआ। अस्पताल रे जांच तायो़म रारानको दो़ राकेश महतो गो़च् आकान काथाको सारसादले केदा। आर से नो़ते पेया घा़लाकान जुवा़नाक् रान-मुरगा़न दो़ अस्पताल रे चालाक् काना।

# नशामुक्त भारत बस सा़ंगार रे निसा़ खो़न रूखिया़ ला़गित् तेको एकराड़ एना पा़ठवा़

**खोबोरिया**



**पूर्वी सिंहभूम।** नशामुक्त भारताक् खो़बो़र दो़ मिमित् हो़ड़ हा़बिच् सेटेर ला़गित् ते दिसा़म भोर रे चालाक्कान लाड़ावानाक् दाराय ते जमशेदपुर रे नशामुक्त भारत बस सा़ंगार दो़ तातले हो़ड़ेजागवारेत्कोआ। 10 करोड़ हो़ड़ दो़ निसा़ खो़न रूखिया़को ला़गित्ते एकराड़ आचोको टारगेट सालाक् तेय एहो़प् केदा नोआ मो़हो़तानाक् बस सा़ंगार दो़ बाजार रेयाक् जुदा़-जुदा़ टोठा रेसेटेर कातेत् जुवा़न, पा़ठवा़को आर हो़ड़को निसा़ रेयाक् बा़ड़िच् एसेर बाबो़त रेय जागवारेत्कोआ। जमशेदपुर रे नोआ बस सा़ंगार दो़ 7 अगस्त खो़न एहो़प् लेना। ओना तायो़म बस दो़ बाजाररेयाक् जुदा़-जुदा़ टोठा रे सेटेरो़क् काना। स्कूल, कॉलेज, बसस्टैंड, ऑटो स्टैंड, पार्क, होटल, मॉल आर एमान तेयाक् पब्लिकप्लेस रे जागवार का़मीहो़राको ओरामेत् काना। ताक रे ब्रह्माकुमारीज कोल्हान प्रभारी बीके अंजू दीदी दो़य ला़ई केदा जे 12 अगस्त हिलोक् बस सा़ंगार दो़ शास्त्री नगर, उलियान आर आडे-पासे टोठा रे सेटेरेना। दिन भोर रे मोटामुटी 31 गो़टेच् का़मीहो़रा ओरामेत् काना। लाड़ावानाक् बाबो़त रे हो़ड़ दो़ आ़डी रा़सका़कोञेलो़क् काना आर आयमा लेखा रे हो़ड़ दो़ निसा़ खो़न रूखिया़ जियोन आपनार ला़गित् तेको एकराड़ो़क् काना।

# उज्जैन रे भांग-चंदन आर रजत हो़रो़क्आक् ते राजावाक् मुठा़न रेको साजाव केदेया महाकाल



**खोबोरिया**

**उज्जैन।** सान चान्दो रेयाक् आंबास रे हो़ला सिमराक् विश्व नामडाक श्री महाकालेश्वर मंदिर रे बाबा महाकालाक् माराङ आरती मो़हो़तानाक्धो़रो़म बाखेंड़ आर दिव्य श्रृंगार सालाक् ते मुचा़त् एना।सा़गुनमाहां हिलोक् सिमराक् मोटामुटी 2:30 बजे मंदिर रेयाक् दुवा़रको झिच् केदा। मंदिर रेयाक् दुवा़रको झिच्केत् तायो़म जो़तो खो़न लाहा रे वीरभद्र जो़हार कातेत् दो़ड़हा तेको चा़लु केदा। उनीयाक् हुकुम ञाम तायो़म गे चांदी रेयाक् दुवा़रको झिच् केदा आर गर्भगृह रे भगवान महाकाल ला़ई ते आयमा देवगुनको पुजा़-पासावात्कोआ। ओना तायो़म पंडित दो़ देवगुनकोवाक् श्रंगार बो़च् कातेत् नियो़म धो़रो़म सालाक् ते पुजा़-पासा का़मी दो़ एहो़प्एना। भगवान महाकाल दो़ पा़हिल सो़नो़त दाक् तेको आ़रूप केदेया।ओना तायो़म तोवा, दा़ही, गो़तो़म, दुमुर रा़सा, चिनी आर फे़ल-डो़लरेयाक् रो़स तेको बेनाव आकात् पंचामृत ते भगवान आ़रूप्कातेत्को पुजा़-पासावात्कोआ। बो़हो़ये तायो़म बाबा महाकालाक् भांग, चंदन आर जुदा़-जुदा़ हो़रो़क्आक् तेको श्रंगार केदेया।माराङ आरती ताक रे बाबा महाकाल राजा मुठा़न रे भो़कतो़ दो़ ञेले तुलुच्को ञेलेना। देवगुन दो़ शेषनागाक् रजत मांड़, रजतरेयाक् मुंडमाल, रुद्राक्ष रेयाक् माला आर मो़ज सो़ बाहा रेयाक्मालाको हो़रो़क् आदेया। बाहा आर हो़रो़क्आक् ते साजावाकानबाबा महाकालाक् दिव्य स्वरूप दो़ भो़कातो़को ला़गित् ते मो़हो़तानाक् ञेल जो़ङ जायगा ताहेंकाना। ओना तायो़म कपूर आरती होयेना।ज्योतिर्लिंग दो़ किचरिच् ते एसेत् कातेत् नेयो़म धो़रो़म सालाक् ते माराङ आरती होयेना। भस्म आरती आ़रीचा़ली तायो़म बाबा महाकालाक् मुठन दो़ भो़कतो़को ञेल केदा। बाबा महाकालको ञेल केदे खान गेभो़कतो़ दो़ 'जय श्री महाकाल' आर हर-हर महादेव' हो़हो़कातेत्कोरा़गाउ केदा। रा़गा़उ ते पुरा़ मंदिर छाटका दो़ दुलदुला़वेना।

# लैपटॉप कोमबड़ो मामला रे डिलीवरी बॉयको साप् केदेया



**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना पुलिस दो़ मेडिकल कॉलेज रेन बॉयज हॉस्टल खो़न लैपटॉप पासेच् साढ़े पोन चान्दो मारेयाक् कोमबड़ो मामला रेयाक् हातड़ा़उ तुलुच् मित्टेन आरोपितको साप् आकादेया। पुलिस दो़ साप्एन आरोपिताक् निशा़नादेही रे उनीयाक् ओड़ाक् खो़नको कोमबड़ो आकात् डेल कंपनीयाक् लैपटॉप होंको ञाम आकादा। आरोपित दो़ मानगो गुरूद्वारा रोड, शिव मुंदिल सोर रेन पासेच् 30 उमा़र पवन कुमार, आपात कमला कांत मिश्रा रूप रेय बाडाय आकाना। पटमदा डीएसपी दयानंद कुमार दो़ बुधवार हिलोक् मामला रेयाक् ला़ईतुलुच्ए मेन केदा जे एमजीएम मेडिकल कॉलेज रेयाक् बॉयज हॉस्टलखो़न लैपटॉप कोमबड़ो आकान ला़लिस रे सर्वेश मीणा दो़ 7 अप्रैल 2026 हिलोक् एमजीएम थाना रे कांड सं या 48/2026 ओ़ल राकाप् लेदा। ला़लिसरेको ला़ई लेदा जे हॉस्टल रेयाक् कमरा खो़न आ़ना़ड़ी हो़ड़ दो़ लैपटॉपए कोमबड़ो आकादा। मामला गा़हिरते ञेल तुलुच् गा़खुड़ पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूमआक् बातलाव रे एमजीएम थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सचिन कुमार दासाक् आयुर रे खास छापामारी दो़लकोगो़ठो़न आकादा। टीम दो़ तकनीकी सा़बुद, सीसीटीवी फुटेज आरमानवीय सूचना आधार रे जांचको एहो़प् केदा। जांच ओ़कते पुलिस दो़कोमबड़ो रे पवन कुमाराक् सेलेत् आकाने बाबो़त रेको बाडाय केदा।इना़ तायो़म पुलिस टीम दो़ 11 अगस्त हिलोक् मानगो रे मेनाक् पवनकुमाराक् ओड़ाक् रे सेंन्दरा कातेको साप् केदेया। कुली केदे जे पुलिस ठेन आयाक् दुसीय हेंक् मानाव केदा। पुलिस लेकाते, कुलीकेदे रेय ला़ई केदा जे उनी दो़ लाहाते ब्लिंकिट कंपनी रे डिलीवरीबॉय रूप रेय का़मीकान ताहेंना। 28 मार्च 2026 ञिन्दा़ उनी दो़ एमजीएम मेडिकल कॉलेज रेयाक् बॉयज हॉस्टल रे सामान आ़गू सेटेराकोयहेच् लेना। डिलीवरी तायो़म रूवा़ड़ो़क् जो़खेच् मित् रूम रेयाक् दुवा़र झिच् गेय ञेल केदा। रूम बाहरे लातार रे लैपटॉप दो़हो़ ताहेंकाना। ताक ञेलकातेय इदी आनाक्आ। तायो़म ते उनी दो़ लैपटॉप आयाक् ओड़ाक् आ़गूकाते अलमारी रेय ओको दो़हो़लेदा। छापेमारीदो़ल रे एमजीएम थाना प्रभारी सचिन कुमार दास, पुलिस अवर निरीक्षक आनंद कुमार आर थाना रेन सशस्त्र बल रेन जवानको सेलेत् ताहेंकाना।

# मुंबई रेयाक् घाटकोपर रे बुरू दासावेना ओड़ाक् हासा ते तोपायेन ते 6 हो़ड़को गो़च् एना

**खोबोरिय**



**मुंबई।** जिला रेयाक् उपनगर घाटकोपर रेयाक् अशोक नगर रे सा़गुनमाहां हिलोक् सिमराक् आचका बुरू दासावेन ते गौसिया चॉल रेयाक् तुरूई गो़टेच् ओड़ाक् दो़ हासा, धिरी ते तोपायेन ते तुरूई हो़ड़को गो़च् एना। आयमा हो़ड़ हासा तेको तोपावाकान दिगधा़मेनाक्आ। फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ आर पुलिस जवान दो़ गो़ड़ो़ आर बांचाव लाड़ावानाक् रेको धुरा़उ आकाना। टोठा रेन पुलिस उपयुक्त दो़य ला़ई केदा जे नोआ घो़टना सिमराक् मोटामुटी 3 बजे लेकाहोय आकाना। बुरू दासावेन ते तुरूई हो़ड़ाक् मां़ड़ी दो़ हासाखो़नको ओडोक केदा। नित हों मोटामुटी तुरूई गो़टेच् हो़ड़ाक्मां़ड़ी तोपावाकान दिगधा़ मेनाक्आ। मुंबई रेन महापौर रितु तावड़ेदो़य ला़ई केदा जे हासा ते आयमा ओड़ाक् तोपायेना। टोठा रे तिना़क् ओड़ाक् चो़ नोटिसको जा़रीवात्को ताहेंना। नित पुरा़मामलाको जाँचा। उपनगर जिलाधिकारी दो़ गो़च्एनको हो़ड़ रेनघारो़ंज दो़ 3-3 लाख टाका कातेत् का़उडी तेयाक् गो़ड़ो़ एमावाको ला़गित् तेय सारसादले केदा। जिलाधिकारीवाक् मेन लेका तेप्रशासनाक् पा़हिल का़मी दो़ हासा तेको तोपावाकान हो़ड़ मो़ज ते ओडोको आर आडे-पासे रेयाक् खातरा होय दाड़ेयाक् ओड़ाक्कोजुगावा। गो़ड़ो़ आर बांचाव का़मी दो़ तो़ंगे।

# गाडा रेको ञाम केदा आ़ना़ड़ी हो़ड़ाक् मां़ड़ी, जांच रेको लागावेना पुलिस



**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना टोठा रेयाक् मानगो रे मेनाक् गाजाडीह रे सा़गुनमाहां हिलोक् सेताक् सुवर्णरेखा गाडा रे आ़ना़ड़ीहो़ड़ाक् मां़ड़ीको ञाम केदा।गाडा आड़े रे ताहेंकान टोठकिया़ हो़ड़ाक् नो़जो़र दाक् रे चापेयाकान मां़ड़ी रे पाड़ावेना, ओना तायो़म उसा़रा ते नोआ रेयाक्खो़बो़र पुलिसको एमात्कोआ। खो़बो़र ञाम तायो़म पुलिस दो़ ओ़न्डेकोसेटेरेना आर गाडा दाक् खो़न मां़ड़ी ओवार रेयाक् का़मीको एहो़प् केदा। मां़ड़ी रेयाक् ओ़बो़सता दो़ आ़डी बा़ड़िच् गेको ला़येत् काना जे आर नित ओना दो़ बाको पाछनाव दाड़ेवाकादा।हो़ड़मो़ रे बो़हो़क् बाको ञामलेत् ते घो़टना उपा़र रे आयमा लेकानाक् कुकली राकाबो़क् काना। टोठकिया़ हो़ड़ दो़ गो़च्आकादे रेयाक् दिगधा़को ला़येत् काना। आर से नो़ते आदो़म हो़ड़को मेनेत् काना जे मां़ड़ी दो़ जाहांय मायजीवाक् होयदाड़ेयाक्आ। हें मेनखान पुलिस सेच् खो़न नित हा़बिच् ते मां़ड़ीमायजीवाक् काना से बाबाहो़ड़ाक् नोआ रेयाक् आधिकारिक पुस्टिदो़ बाङ होय आकाना।टोठा रेन हो़ड़ाक् ला़ई लेकाते, मां़ड़ी दो़ आ़डी मारे बुझा़क्काना। नोडका ओ़नमानेत् काना जे मोटामुटी 10 खो़न 15 दिन लाहा रेएटाक् जायगा रेको गो़च् केदेया आर ओना तायो़म मां़ड़ी दो़ गाडादाक् रेको आ़तुगो़त् कादा आर आ़तु-आ़तु ते गाजाडीह हा़बिच् सेटेराकाना जा़निच्। हें मेनखान, मां़ड़ी तिना़क् दिन मारेया, नोआरेयाक् आसो़ल बानाडाय दो़ पोस्टमार्टम आर चिकित्सकीय जांच तायो़म गे सो़दो़र दाड़ेयाक्आ। मां़ड़ी रे बो़हो़क् बा़नुक् खा़तिर ते नोआ हों दिगधा़ राकाबो़क् काना जे जा़निच् गो़च् तायो़म मां़ड़ी दो़ गाडा रे गिडीयाकादे मामला थो़र बाङ काना। हें मेनखान, पुलिस दो़ नित जाहांनाक् बाको पुस्टा़उ आकादा। पुलिस दो़ मां़ड़ी पाछनाव सा़ंवतेआडे-पासे थाना टोठा रे हा़ली रे गे ओ़ल राकाप् आकान गुमशुदगीरेयाक् मामलाको रेयाक् बानाडायको जुटा़उ दाड़ेयाक्आ।पुलिसाक् ला़ई लेकाते, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आर एमान तेयाक् जांचतायो़म गे गो़च् आकान रेयाक् आसो़ल ओ़जे दो़ बाडाय दाड़ेयाक्आ।मां़ड़ी गाडा हा़बिच् चेकाते सेटेरेना आर नोआ तायो़म रे जाहांयाक् कुड़पाड़ थो़र बा़नुक्आ, नोवाको इदि काते जांच चालाक् काना। पुलिस दो़ मां़ड़ी पाछनाव रेयाक् कुरूमुटू रेको लागावाकाना।

# 108 गो़टेच् स्कूल गिदरा़को ताला रेको हा़टिञ केदा कॉपी को़लो़म



**खोबोरिया**

**गोपीकांदर।** प्रखंड रेयाक् उत्क्रमित मध्य विधायल पहाड़पुर रे सा़गुनमाहां हिलोक् पा़हिल क्लास खो़न आठ क्लास हा़बिच् रेन 108 पा़ठवा़को ताला रे शैक्षणिक कीटको हा़टिञात्कोआ। पा़हिल क्लास खो़न तेसार क्लास रेन पा़ठवा़को ताला रे पेन, पेंसिल, कटर, रबर आर तेसार क्लास खो़न आठ क्लास हा़बिच् रेन पा़ठवा़ दो़ ज्योमेट्रिक बॉक्स, एटलस, पेन, कटर को़लो़म, रबर एमान तेयाक् जिनिसको हा़टिञात्कोआ। स्कूल रेन हेडमाहांसो़य दीलिप कुमार किस्कू आरमिखोला उज्जवलता किस्कू ताकिन दो़ पा़ठवा़को ताला रे हा़टिञ कातेत्पा़ठवा़ दिना़म हिलोक् स्कूल हेच् कातेत् मो़ज ओ़लो़क् पाड़हाक्आर मो़ज पा़ठवा़ बेनाक् ला़गित् ते सो़लहाकिन एमावात्कोआ।

हेडमाहांसो़य दीलिप कुमार किस्कू दो़य मेन केदा जे सरकार दो़सरकारी स्कूल रे पा़ठवा़ मो़ज ओ़लो़क्-पाड़हाक्को चेद आर मो़ज आ़किल एमावाको ला़गित् तेय एकराड़ आकाना। सरकार दो़ फ्री ते पेंसिल, पेन, कॉपी, डेःस, पानाही, छात्रवृत्ति एमान तेयाक्कोयबेबो़सतायेत् काना, जेमो़न रेंगेच्-नाचार गिदरा़ दो़ सरकारी स्कूल रे ओ़ल-पाड़हाव कातेत् मो़ज हो़ड़को बेनाव दाड़ेयाक्।

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस : 5 मीटर लंबे विशाल तिरंगे के साथ उमड़ी भीड़





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

दुमका। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बुधवार को पूरा दुमका शहर देशभक्ति के अद्भुत रंग में रंगा नजर आया। रोटी बैंक, दुमका के संस्थापक और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जतिन कुमार के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में छात्रों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों और आम नागरिकों ने कदम से कदम मिलाकर चलते हुए राष्ट्रीय एकता का शानदार संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रसिकपुर के बड़ा बांध से हुआ। सड़क पर जब पांच मीटर लंबा विशाल तिरंगा थामे युवा निकले, तो दृश्य बेहद भावुक और गर्व से भर देने वाला था। यात्रा में शामिल हर व्यक्ति के हाथ में अपना राष्ट्रध्वज था। पूरा वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से गूंज उठा। सड़क पर एक साथ लहराते सैकड़ों तिरंगे देखकर राहगीर भी मंत्रमुग्ध हो गए।

यह यात्रा केवल जोश का प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि महापुरुषों और वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम भी बनी। यात्रा के दौरान कर्पूरी ठाकुर चौक पर सिविल सोसाइटी द्वारा और वीर कुंवर सिंह चौक पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। यात्रा का समापन पोखरा बड़ा बांध स्थित सिदो-कान्हू चौक पर हुआ, जहां झारखंड के वीर आदिवासी नायकों सिदो-कान्हू के बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

शहर के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक संगठनों ने इस यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। अन्नपूर्णा चौक पर वेस्टर्न इंग्लिश स्कूल एवं पीएम श्री बेसिक स्कूल, मारवाड़ी चौक पर मारवाड़ी उच्च विद्यालय, और वीर कुंवर सिंह चौक पर सिदो कान्हू स्कूल एवं बाल भारती के सदस्यों ने पुष्पवर्षा की। कुम्हारपाड़ा चौक पर वार्ड पार्षद निशा और सामाजिक कार्यकर्ता टिंकू अली के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज की ओर से यात्रियों के लिए शर्बत और पानी की व्यवस्था कर सामाजिक समरसता की बेहतरीन मिसाल पेश की गई।

कार्यक्रम का विधिवत समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल, एनसीसी हज़ारीबाग़ के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर दीपक गौड़, कमान अधिकारी कर्नल अनिल यादव, रिंकू बख्शीश, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. श्वेता स्वराज, लेफ्टिनेंट सुमित सिंह, सुमित पटवारी, डॉ. मनीष भारती, मनीष राज वर्मा, राजेंद्र प्रसाद साह, डॉ. विनय सिंह और डॉ. रूपम कुमारी उपस्थित थे।

आयोजकों ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को देश के महापुरुषों और वीर शहीदों के त्याग से परिचित कराना तथा उनमें राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी विकसित करना है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में राजेश, बिनोद, एस. पी., सुनिल, आशीष, अमन, नवीन चंद ठाकुर, राजेश कुमार, राजेश चौरसिया, अमिता कुमारी घोष, बुलंदर यादव, पूनम भगत, विकास ठाकुर, अतुल कुमार, नियम घोष, सुमन कुमार झा, जितेंद्र झा, ऐसी मुन्ना सिंह और सुमित ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय, कल को निकलेगी तिरंगा यात्रा




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला की मासिक बैठक बुधवार को भागलपुर रोड स्थित पुराने भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष रूपेश मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोरेन और दुमका जिला प्रभारी अशोक उपाध्याय मौजूद रहे। बैठक के दौरान आगामी 14 अगस्त को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा, संत रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान और बूथ सशक्तिकरण अभियान समेत कई संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और उनकी सफलता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक जाकर पार्टी को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों में पूरी सक्रियता से जुटने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि 14 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा के जरिए समाज के हर व्यक्ति तक राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचाया जाएगा।

जिला प्रभारी अशोक उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए कहा कि सभी आगामी कार्यक्रमों को पूरी गंभीरता से लें। प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के सभी वर्गों के बीच जाकर समरसता का माहौल बनाएं और संगठन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं।

जिला अध्यक्ष रूपेश मंडल ने कहा कि जिला भाजपा आगामी सभी आयोजनों को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। कार्यकर्ताओं के सहयोग से तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक और प्रभावी बनाया जाएगा।

इस बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश मुर्मू, निवर्तमान जिलाध्यक्ष गौरवकांत, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजुला मुर्मू, अमिता रक्षित, पवन केसरी, गायत्री जायसवाल समेत कई जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर आने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## राजस्व और आपदा राहत कार्यों में तेजी लाने का डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** बुधवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वादों, राजस्व, आंतरिक संसाधन एवं अन्य संबंधित मामलों की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों और अंचलों से जुड़े मामलों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का एक निश्चित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया।

बैठक के दौरान नीलाम पत्र वादों से संबंधित कार्यों की प्रगति को देखते हुए उपायुक्त ने लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने की बात कही। इसके साथ ही दाखिल-खारिज, आंतरिक संसाधन और भू-हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को इन मामलों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान करने को कहा।

राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत विभिन्न स्तर के न्यायालयों में दायर वादों के निष्पादन की स्थिति जांची। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने और नियमों के तहत उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में भूमि सीमांकन, सीमांकन के अस्वीकृत वादों, ग्राम प्रधानों की नियुक्ति तथा उनके सहयोगियों के भुगतान से जुड़े मामलों पर भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डिजिटलाइजेशन के बाद लंबित पड़े अभिलेखों के निष्पादन और राजस्व कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर बल दिया गया। इसके अलावा, पीएम किसान योजना के तहत लैंड सीडिंग और ई-केवाईसी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और छूटे हुए लाभुकों का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने की हिदायत दी गई। बैठक में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की मदद को लेकर भी उपायुक्त ने संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि, आंधी-तूफान, अग्निकांड और वज्रपात जैसी आपदाओं से प्रभावित लोगों को नियमानुसार सरकारी सहायता एवं योजनाओं का लाभ तुरंत मिलना चाहिए। अधिकारियों को आपदा से जुड़े मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### ग्रामीणों को बांटां गया राष्ट्रीय ध्वज




**दुमका।** मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय, रानीश्वर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के चौथे दिन भारी उत्साह देखा गया। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. स्वर्ण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा सेल्फी अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर से देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करना और हर नागरिक तक तिरंगे का संदेश पहुंचाना था। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर एनएसएस द्वारा गोद लिए गए गांव मोचीपाड़ा पहुंची। वहां स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया और उनसे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस यूनिट 1 के डॉ. अवर्ण राय, यूनिट 4 के डॉ. प्रशांत पातर, यूनिट 5 के आशीष मंडल, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. रीना कुमारी, प्रोफेसर एन. डी. मांझी, हुमायूं कबीर, भास्कर महतो और प्रबीर मंडल सहित अन्य प्राध्यापकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही स्वयंसेवक आशा मोली, शिवानी किस्कू, बसंती टुडू, प्रतिमा किस्कु, रास मुनि किस्कू, शिवानी मुर्मू, सिमटी टुडू और सुलाकी हेंब्रम ने घर-घर जाकर अभियान को गति दी।

### मसलिया के आठ स्कूलों में प्रबंधन समिति का गठन



**मसलिया।** मसलिया शैक्षणिक क्षेत्र के आठ विद्यालयों में बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों, ग्रामीणों एवं संबंधित शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन किया गया। जिन विद्यालयों में बैठक आयोजित हुई, उनमें प्राथमिक विद्यालय बेदियाचौक, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दिकूबेदिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरमाला, +2 हाई स्कूल मसलिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा डुमरिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिमला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोलगी दोघरा तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानिकचक शामिल हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिमला में पर्यवेक्षक के रूप में वैद्यनाथ मुर्मू उपस्थित रहे। उनकी देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। यहां सर्वसम्मति से मिनु हांसदा को अध्यक्ष तथा अजय सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं, +2 हाई स्कूल मसलिया में पर्यवेक्षक काशीनाथ महतो के नेतृत्व में समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नायकु मुर्मू को अध्यक्ष तथा रोहित नंदी को उपाध्यक्ष चुना गया।

### नॉमिनी को दो वर्षों बाद मिली बीमा की राशि



**जरमुंडी ।** जरमुंडी बाजार स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा के सक्रिय पहल से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत एक मृत ग्राहक के नॉमिनी को दो वर्षों बाद बीमा दावा राशि प्राप्त हुई। बता दें कि मृतक ग्राहक के नॉमिनी को योजना के तहत उपलब्ध बीमा लाभ की जानकारी नहीं थी, जिसके कारण ग्राहक की मृत्यु के लगभग दो वर्षों बाद तक दावा प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। मामला तब सामने आया जब शाखा से जुड़े सीएसपी संचालक मुकेश कुमार को मृत ग्राहक एवं उनके परिवार की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने पाया कि मृतक पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत बीमित थे। लेकिन नॉमिनी ने अब तक बीमा दावा प्रस्तुत नहीं किया था, इसकी जानकारी तत्काल बैंक आफ इंडिया जरमुंडी शाखा को दी गई। इसके बाद शाखा ने मामले को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दस्तावेजों एवं दावा प्रक्रिया को पूरा करने में नॉमिनी का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक शिवम जायसवाल,प्रबंधक मुकेश कुमार, सोनम अधिकारी, स्वाति शांडिल्य, ग्राहक सेवा सहयोगी सुब्रमण्यम प्रसाद तथा सीएसपी संचालक मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा : वन स्टॉप सेंटर में लगाई गई देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों की चित्र प्रदर्शनी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर दुमका में देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी, अंचल अधिकारी दुमका अमर कुमार एवं बाल कल्याण समिति की सदस्य किरण तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के उद्देश्य और उसके महत्व से लोगों को परिचित कराया। उसी क्रम में वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वतंत्रता का मतलब देश की स्वतंत्रता के साथ साथ स्त्री स्वतंत्रता से भी है। शोषित पीड़ित स्त्रियों के सम्मान, सुरक्षा व समानता के लिए यह सेंटर काम कर रहा है। इस अवसर पर शोषित पीड़ित महिलाओं के संघर्ष और उससे उनकी आजादी पर आधारित विडियो भी दिखाया गया।

अतिथियों ने वीर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन संघर्ष और उनके बलिदान को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों विशेषकर युवाओं बच्चों को उनके जीवन से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य गीत संगीत की प्रस्तुति भी दी गयी और फेंसी ड्रेस के साथ साथ तिरंगे के रंगों एवं राष्ट्रीय भावनाओं को दर्शाती रंगोली भी बनाई गई।

देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम की भावना पर आधारित हर घर तिरंगा अभियान के इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने हाथ में तिरंगा लेकर देश के अमर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और उनके बलिदान से लोगों को परिचित कराया। कार्यक्रम का समापन ÷हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा÷ के संदेश के साथ किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल विकास परियोजना दुमका सदर प्रखंड की महिला पर्यवेक्षिका तन्नू पंडा, वन स्टॉप की प्रभारी रेखा देवी, प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण, यूनिसेफ की ज्योत्सना हेंब्रम सहित वन स्टॉप से जुड़े कर्मी, महिलाएं और बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीणों ने भाग लिया।

## डॉ. कुसुम कानन मिश्रा के उपभोक्ता व्यवहार विश्लेषण डैशबोर्ड को मिला भारत सरकार का पेटेंट



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** संट जेवियर्स कॉलेज महारो की डॉ. कुसुम कानन मिश्रा ने शैक्षणिक और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनके द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए उपभोक्ता व्यवहार विश्लेषण डैशबोर्ड के डिजाइन को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से आधिकारिक मंजूरी मिल गई है।

भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र के मुताबिक, इस अनूठे डिजाइन को डिजाइन अधिनियम 2000 के तहत श्रेणी 14-02 में दर्ज किया गया है। इसे डाटा प्रसंस्करण उपकरण एवं सहायक उपकरण के रूप में डिजाइन संख्या 505944-001 के तहत पंजीकृत किया गया है। यह अत्याधुनिक उपकरण एक कियोस्क या डैशबोर्ड के रूप में काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के व्यवहार से जुड़े आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करना है। इस विश्लेषण की मदद से कंपनियों और व्यापारियों को अपने व्यापारिक निर्णयों में आंकड़ों पर आधारित सटीक रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। आधुनिक डाटा प्रसंस्करण तकनीक से लैस यह डैशबोर्ड आने वाले समय में व्यवसायिक विकास और शोध कार्यों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

## विश्व युवा दिवस पर डालसा ने केंद्रीय कारा में जगाई अलख




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार , दुमका, सुधांशु कुमार शशि के निर्देशानुसार केंद्रीय कारा, दुमका में विश्व युवा दिवस के मौके पर एक विशेष विधिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय सशक्त युवा, सशक्त भारत रखा गया था, जिसका उद्देश्य जेल में बंद युवाओं को सही राह दिखाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है।

इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा बंदियों को उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। इसके साथ ही उन्हें जीवन में शिक्षा का महत्व समझाने, सकारात्मक सोच अपनाने, कड़े अनुशासन का पालन करने, नशामुक्ति का संकल्प लेने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विवेक कुमार ने कहा कि युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। यदि युवा पीढ़ी अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत होकर सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाए, तो राष्ट्र के विकास को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने उपस्थित युवाओं को कानून का सम्मान करने, हिंसा तथा अपराध के रास्ते से पूरी तरह दूर रहने और समाज में शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। जागरूकता शिविर के दौरान बंदियों को सरकार और प्राधिकार द्वारा मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत की उपयोगिता, मध्यस्थता (मीडिएशन) के लाभ और विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बंदियों को भरोसा दिलाया गया कि कानूनी मदद की जरूरत पड़ने पर डालसा हमेशा उनके साथ खड़ा है और वे बिना किसी झिझक के निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर जेल प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि, पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) और केंद्रीय कारागार में निरुद्ध बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने एक सशक्त, जागरूक, नशामुक्त और अपराधमुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में भी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

### जमीन विवाद में महिला और पुत्र के साथ मारपीट



**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना अंतर्गत ग्राम तीनघरा में बुधवार को जमीन विवाद में एक 38 वर्षीया महिला और बीच बचाव के लिए आए उसके पुत्र के साथ गांव के ही 8-9 लोगों ने एकजुट होकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पीड़िता सुलोचना देवी पति राजेश मंडल ने जरमुंडी थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। सुलोचना ने पुलिस को बताया कि बुधवार को सुबह करीब 7:00 बजे उसके घर के पास स्थित जमीन जिसका खाता संख्या 30 एवं प्लॉट नंबर 225, 226 है, उक्त जमीन पर बालेश्वर मंडल, जीवन मंडल, गंगाधर मंडल, निवास मंडल चारों के पिता स्वर्गीय टेटू मंडल, गौरीशंकर मंडल, पिता सतो मंडल, प्रफुल्ल मंडल पिता जीवन मंडल, जितनी देवी पति शिबू मंडल, सुरेश मंडल पिता हेपील मंडल, सुनील कुमार पिता गंगाधर मंडल, शिबू मंडल उसका पुत्र रंजीत मंडल एवं इन लोगों की पत्नियां सभी ग्राम तीनघरा ने एकजुट होकर उक्त जमीन पर जोत आबाद करने लगे एवं मना करने पर सभी ने लाठी से मारपीट किया। इस क्रम में बीच बचाव करने आए सुलोचना के पुत्र आदित्य कुमार के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया। सुलोचना देवी ने पुलिस से मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### जल जीवन मिशन को लेकर बैठक आयोजित



**मसलिया।** मनरेगा, 15वीं वित्त आयोग एवं जल जीवन मिशन की योजनाओं को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन ने की। इसमें योजनाओं के चयन, क्रियान्वयन एवं रखरखाव को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विविरामजी के तहत ली जाने वाली योजनाओं के चयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जिला स्तर से प्राप्त निर्देश के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों की मरम्मती का कार्य भी 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं के माध्यम से कराने पर चर्चा हुई। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया, रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिवों से संबंधित योजनाओं की सूची मांगी गई। बीडीओ ने रोजगार सेवकों को मानव दिवस सृजन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इसके लिए योजना से संबंधित फोटो ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। तीन माह के बाद रखरखाव एवं संचालन के खर्च में ग्राम पंचायत 90 प्रतिशत तथा प्रखंड 10 प्रतिशत राशि वहन करेगा।

### कर्मचारी संघ ने किया सीएस का स्वागत



**दुमका ।** झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ, दुमका के पदाधिकारियों ने जिले के नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार मांझी से शिष्टाचार मुलाकात कर बुके भेंट करते हुए गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष तपन कुमार ठाकुर, जिला मंत्री कैलाश प्रसाद साह, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी सच्चिदानंद सोरेन, जामा प्रखंड मंत्री मन मोहन कुमार एवं जामा प्रखंड के अध्यक्ष अजीतेश राय उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार मांझी के नेतृत्व में दुमका जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में प्रभावी पहल होगी। संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सिविल सर्जन को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए विभागीय कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686